

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 03 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-332 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### मोस्ट वांटेड नक्सल कमांडर ने परिवार सहित किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर,3 मार्च।** छत्तीसगढ़ में फोर्स लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसके अलावा शासन की पुनर्वास नीतियों से भी नक्सली काफी प्रभावित हो रहे हैं। इसी कड़ी में नक्सलियों के गंगालूर एरिया कमेटी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव और DVCM दिनेश मोडियम ने पत्नी और बच्चे सहित आत्मसमर्पण किया है। बता दें कि, नक्सल कमांडर दिनेश मोडियम मोस्ट वांटेड नक्सली है, जिस पर 8 लाख का ईनाम घोषित था। वह 100 से ज्यादा हत्याओं और कई बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार था। इस वजह से पुलिस उसकी तलाश में थी। अब उसने परिवार सहित आत्मसमर्पण कर दिया है।

### एनिकट में मिला भाजपा पार्षद के भाई का शव

**दुर्ग,3 मार्च।** शिवनाथ नदी के एनिकट में दुर्ग निगम के भाजपा पार्षद के भाई का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। रविवार दोपहर बाद शिवनाथ नदी के एनिकट में शव देखा गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मछुवारों की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव की शिनाख्त शुभम महोबिया पिता रामनारायण महोबिया (26 साल) निवासी मैथिल पारा दिगंबर जैन मंदिर रोड दुर्ग के रूप में किया गया। शुभम महाबिया दुर्ग निगम के वार्ड 32 ब्राह्मणपारा से जीते बीजेपी पार्षद जितेंद्र महोबिया का चचेरा भाई था। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने आशंका जताई है कि शुभम संभवतः शुभम महोबिया ने सुसाइड किया है। यह भी हो सकता है कि यह कोई हादसा हो। शरीर में किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस का कहना है कि युवक ने शनिवार रात को नदी में छलांग लगाई होगी। रात भर पानी में रहने से शव रविवार दोपहर तक पानी के ऊपर आ गया और लोगों ने ने उसे देखा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### अनोरा ने किया 5 ऑस्कर अवॉर्ड अपने नाम

**वाशिंगटन,3 मार्च।** ऑस्कर अवॉर्ड्स 2025 का शानदार आगाज हो गया है. कॉनन ओ'ब्रायन ने पहली बार ऑस्कर को होस्ट किया है. ऑस्कर अवॉर्ड्स 2025 में हॉलीवुड सितारों का जलवा देखने को मिला है. फिल्म अनोरा ने 5 अवॉर्ड अपने नाम किया है. इस अवॉर्ड्स शो में एड्रियन ब्रॉडी ने बेस्ट एक्टर और माइकी मैडिसन ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीत लिया है. ऑस्कर अवॉर्ड्स 2025 में अनोरा ने 5 अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इसकी हीरोइन माइकी मैडिसन बेस्ट एक्ट्रेस बनीं.

# बजट में प्रदेश को मिली GATI

G - Good Governance (सुशासन)
A - Accelerating Infrastructure (बुनियादी ढांचे में तेजी)
T - Technology (तकनीक को बढ़ावा)
I - Industrial Growth (उद्योगों का विकास)

## कर्मचारियों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता,बजट में रखा हर वर्ग का ध्यान



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का 25वां बजट आज पेश किया। कर रहे हैं। ओपी चौधरी ने इस बार 'गति' थीम पर बजट पेश करते हुए कहा कि गति के G का अर्थ गुड गवर्नेंस, A अर्थ एक्सलेरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, T का अर्थ टेक्नोलॉजी और I का मतलब इंडस्ट्रियल ग्रोथ से है। इसके पहले चौधरी ने GYAN थीम पर बजट पेश किया था। इसके पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में बजट पर हस्ताक्षर किया। ओपी चौधरी ने कहा कि, इस साल का बजट पिछले बजट की निरंतरता में एक और बड़ा कदम होगा। चौधरी ने कहा था कि 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़' का निर्माण करना है। इस दिशा में यह बजट नीतिगत सुधारों, आर्थिक सशक्तिकरण और राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो की सौगात

### हस्तलिखित बजट

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर-टाइप्ड बजट की जगह खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया।यह बजट 100 पृष्ठों की है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे परंपराओं की ओर वापसी और मौलिकता को बढ़ावा देने का कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हस्तलिखित बजट पेश करना एक अलग पहचान और ऐतिहासिक महत्व रखता है।

### नई परंपरा की शुरुआत

अब तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में केवल कंप्यूटर-टाइप्ड बजट ही पेश किए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार परंपरागत और अनूठे अंदाज में बजट तैयार किया गया। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी का मानना है कि इससे प्रामाणिकता और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

### बजट की मुय बातें

- सरकारी विभागों की कार्य कुशलता को ठीक करने,सीएम सुशासन फेलोशिप किया जाएगा प्रारंभ,इसके लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- आधुनिक कॉल सेंटर के लिए 25 करोड़ का प्रावधान
- पीएम एक्सीलेंसी अवार्ड की तरह सीएम एक्सीलेंसी अवार्ड के लिए 1 करोड़ का प्रावधान
- डीएमएफ अंतर्गत कार्यों का आने वाले समय में सोशल ऑडिट किया जाएगा
- अटल निर्माण वर्ष के रूप में यह वर्ष मनाया जाएगा
- पिछले वर्ष पूंजीगत व्यय 22 हजार 300 करोड़ था,
- इस वर्ष 26 हज़ार 341करोड़ का पूंजीगत व्यय
- सड़कों के सुदृढ़ 2030 रोड प्लान
- मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना की होगी शुरुआत 100 करोड़ का रुपए का प्रावधान
- पेयजल व्यवस्था जलजीवन मिशन के लिए 4 हजार 500 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना
- अब जिलों के जीडीपी की गणना की जाएगी
- नई उद्योग नीति को निवेश आधारित न बनाकर रोजगार पर फोकस
- आदर्श उप पंजीयक कार्यालय
- अटल मॉनिटरिंग पोर्टल की शुरुआत
- कर्मचारियों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता, बजट में वित्त मंत्री ने किया ऐलान
- आईटीआई को रोजगारन्मुखी बनाया जायेगा। ITI और पॉलिटेक्निक कॉलेज के अपग्रेड के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- खेल प्रोत्साहन के तहत छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना।
- कुरूद, धमतरी और बलौदाबाजार में इंडोर हाल के लिए 5 करोड़ का प्रावधान।
- संस्कृति क्षेत्र में बजट-
- डोंगरगढ़ में परिक्रमा के लिए 36 करोड़ की राशि,
- राजिम कुंभ अगले साल के आयोजन के लिए 8 करोड़ का प्रावधान,
- सिंधु दर्शन और कैलाश मान सरोवर जाने के लिए वित्तीय प्रावधान,
- तीर्थ दर्शन योजना के लिए 15 करोड़ का प्रावधान
- स्थानीय आदिवासी संस्कृति को संजोग कर रखने के लिए 14 गैलरियों में संजोया जाएगा,
- अनुसूचित जनजातियों के लिए अखरा विकाश के संवर्धन किया जाएगा,
- देवगुड़ी के संवर्धन के लिए 11 करोड़ 50 लाख का प्रावधान
- सरकार 'सुगम ऐप' के माध्यम से फर्जी रजिस्ट्री की समस्या को कम करने का प्रयास करेगी.
- केंद्र ने छत्तीसगढ़ सरकार को 6,000 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की है.
- हर जिले तक सड़क पहुँचाने का रोड प्लान 2030 तैयार
- राज्य सरकार सीएम रिंगरोड योजना लागू करेगी, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.
- राज्य में नई सड़कें बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.
- इंडस्ट्रियल ग्रोथ को रोजगार केंद्रित बनाया जाएगा.
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 1,400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.
- चैंबर ऑफकॉमर्स को रियायती दर पर भूमि आवंटन करने की घोषणा.
- भवन निर्माण का प्रावधान भी इस बजट में किया गया है.
- 700 करोड़ रुपए के दायित्वों का भुगतान सरकार ने किया.
- स्टेट कैपिटल रीजन और नवोत्थान योजना
- नगरीय निकाय में 750 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया है.
- सीएम गृह प्रदेश योजना के लिए 100 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है.
- नगरीय निकायों में नालंदा परिसर विकसित करने 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है.
- पुलो के निर्माण के लिए 30 करोड़ का प्रावधान.
- ग्राम पंचायतों में 200 करोड़ का प्रावधान किया गए है.
- पीएम आवास योजना के लिए 8 हजार 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है.
- इसमें ओर सरलीकरण के लिए जिनकी तनख्वाह 15000 रु महीना है उनको भी इसका लाभ मिलेगा.
- नक्सल प्रभावितों के लिए 15 हजार अधिक आवास की स्वीकृति दी गई.
- महिला एवं बालविकास के लिए 5 हजार 500 करोड़ रुपए का प्रावधान.
- नए आंगनबाड़ी बनाने 42 करोड़ का प्रावधान.
- इस वर्ष नारी के उत्थान के लिए 5 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है.
- रेडी टू इट का कार्य पुनः महिला स्व सहायता समूहों को देना प्रारंभ कर दिया है.
- आने वाले समय में 8 लाख समूहों की महिलाओं को लखपति दीदी बनाए जाने का लक्ष्य है.
- दंतेवाड़ा में खुलेगा नया मेडिकल कॉलेज
- विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस बार का बजट GATI पर आधारित है.

## सामुदायिक पट्टा प्राप्त समितियों को भी मिलेगी अधिग्रहित क्षेत्र में वन कटाई की पूरी राशि

**रायपुर,3 मार्च।** वन अधिकार पत्र नियमों की विसंगतियों का साय सरकार ने निराकरण कर नई अधिसूचना जारी की है. वन अधिकार प्राप्त समितियों को पूरा लाभ मिलेगा. सामुदायिक पट्टा प्राप्त समितियों को भी अधिग्रहित क्षेत्र के वनों की कटाई की पूरी राशि दी जाएगी. इस बात की जानकारी मंत्री रामविचार नेताम ने सदन में दी.

विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने गौण वनोपज के स्वामित्व का सामुदायिक अधिकार उपबंध 3 के क्रियान्वयन का मामला उठा. मंत्री नेताम ने कहा कि लघु वनोपज की दर भारत सरकार ने घोषित की हुई है. इस दर के अनुसार ही लघु वनोपज का संग्रहण किया जाता है. पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ी कष्टागार भेजा जाता है, जहाँ उसकी नीलामी होती है, और उसका पैसा समिति को भेजा जाता है. कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के नौ ग्राम सभाओं को वनोपज का मूल्य निर्धारण कर चार करोड़ रुपए मुआवजा राशि दी गई है. इस पर मंत्री नेताम ने बताया कि सामुदायिक पट्टा प्राप्त समितियों को भी अधिग्रहित क्षेत्र के वनों की कटाई की पूरी राशि दी जाएगी. विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि अलग-अलग पेड़ों का अलग अलग मूल्य निर्धारण किया जाए. इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि नियमानुसार प्रक्रिया का पालन किया जाता है.

## पत्रकार समान निधि हुई दोगुनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज साय सरकार का दूसरा और राज्य का 25वां बजट पेश किया। इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने पत्रकारों के लिए बड़ी घोषणाएं करते हुए बताया कि रायपुर प्रेस क्लब के रेनोवेशन के लिए 1 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, पत्रकार सम्मान निधि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा, जनसंपर्क विभाग के लिए 550 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे राज्य में सूचना और जनसंपर्क कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी। **वित्त मंत्री ने पेट्रोल के दाम में 1 रुपये की कटौती करने की घोषणा की है।**

## रामलला दर्शन योजना के लिए 36 करोड़, राजिम कुंभ को 8 करोड़

विधानसभा में अपना दूसरा बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य में सांस्कृतिक पहचान के लिए विशेष प्रावधान किया है. इसमें एक ओर रामलला दर्शन योजना के लिए 36 करोड़ का प्रावधान किया गया है. वहीं डोंगरगढ़ में 21 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा. यही नहीं राजिम कुंभ के लिए 8 करोड़ का वित्तीय प्रावधान किया गया है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पिछली सरकार ने तीर्थ यात्रा योजना बंद कर दिया था. पिछले बजट में यह योजना आरंभ की गई, और आज के बजट में हरिद्वार, पुरी, द्वारिका, श्रवणबेलगोला, सारनाथ, शबरीमाला, वैष्णोदेवी, स्वर्णमंदिर इत्यादि धार्मिक स्थानों की यात्रा के लिए तीर्थ यात्रा योजना के लिए 15 करोड़ का बजट दिया गया है. इसके अलावा स्थानीय आदिवासी संस्कृति को संजोने के लिए इसे 14 गैलरियों में संजोया जाएगा, जिसके लिए 11 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है. इसके साथ गौरव दिवस जैसे कार्यक्रमों के लिए वृहद बजट का प्रावधान किया गया है. छत्तीसगढ़ में होगी शिक्षकों की भर्ती, नये नर्सिंग कालेज व फिजियोथेरेपी कॉलेज का भी ऐलान वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कई बड़ी घोषणाएं की है। 20 विभागों में एक वर्ष में 10 हजार से अधिक की भर्ती वर्तमान वित्तीय वर्ष में दी गयी है। आने वाले वित्तीय वर्ष में पदो की और स्वीकृति की जायेगी। शिक्षकों की भर्ती की स्वीकृति इस वित्तीय वर्ष में की जायेगी।

## 100 एकड़ में बनेगी एडुसिटी और 100 एकड़ में बनेगी मेडिसिटी

रायपुर. छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज प्रदेश का वित्तीय बजट पेश किया गया. इसमें कई प्रमुख घोषणाएं उन्होंने की है. इसी बजट में उन्होंने प्रदेश में कुल 200 एकड़ में एडुसिटी और मेडिसीटी बनाने की घोषणाएं की है. 100 एकड़ में एडुसिटी बनने से यहां प्रदेश के लाखों बच्चों को शिक्षा और शोध के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेगी. इतना ही नहीं इसके बनने से आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनेगा. वहीं बजट में मेडिसिटी बनाने की भी घोषणा की गई है. यह परियोजना राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगी, जिससे राज्य के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी. इसके तैयार होने से छत्तीसगढ़ में हेल्थ सुविधाओं में वृद्धि होगी. मेडिसिटी की स्थापना से नवा रायपुर अटल नगर में प्रदेश वासियों को एक ही स्थान पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी.

## बजट ने राज्य की जनता को निराश किया: बैज

**रायपुर,3 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिना किसी ठोस योजना के सतही कल्पनाओं पर आधारित नीरस बजट है। ऐसा लग रहा था वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ का बजट नहीं मोदी की चरण वंदना कर रहे थे। साय सरकार का बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों, युवाओं के बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। मोदी की गारंटी में किये गये वादे 1 लाख नौकरियों के सृजन के बारे में इस वर्ष के बजट में भी कुछ नहीं है। महिलाओं के लिए 500 रू. में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कुछ नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा किये थे एक भी भर्ती नहीं कर पाये। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस बजट में युवाओं के रोजगार बढ़ाने के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज के लिए बजट में कुछ नहीं है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए, बजट में कुछ भी नया नहीं है। मजदूरों और गरीबों की आमदनी बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है।



# स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा शहर की परिकल्पना को साकार किया जाएगा : डिप्टी सीएम

**कवर्धा,3 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कवर्धा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षदों को बहुत ही यादगार और अनोखे अंदाज में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कबीरधाम जिले के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों के वैदिक , मंत्रोउच्चारण , शंखनांद और ईश्वर की शपथ के साथ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और विशेष रूप से आमंत्रित राजीव लोचन जी महराज विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, श्री मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, गोपाल साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, सहित समस्त जनप्रतिनिधि, मंदिर के पुजारी, समाज प्रमुख, स्व सहायता समूह की दीदीया, कवर्धा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की कार्यशैली और उनके समर्पण की सराहना की। विजय शर्मा ने कहा कि वे एक जननेता हैं और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभरे हैं। उनका कार्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने कवर्धा शहर के प्रत्येक वर्ग युवाओं, बुजुर्गों, माताओं-बहनों, व्यापारियों सहित सभी समुदायों के साथ मिलकर काम किया है। वे ऐसे मिलनसार नेता हैं, जिन्होंने प्रचंड मतों से चुनाव जीतकर अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जिस दिन चुनाव परिणाम आया, उस दिन सुबह से ही कवर्धा शहर की सड़कों पर काम करते हुए दिखाई दिए थे। यह उनके




समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। वे हमेशा शहर के व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए चिंतित रहते हैं और इस समय भी वे शहर के विकास के मुद्दों पर सोच-विचार कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में कवर्धा नगर पालिका में बहुत सकारात्मक बदलाव आएगा। कबीरधाम जिले के सभी नगरीय निकायों में जनादेश के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। अब और तेज गति के साथ पूरे जिले का जन आकांक्षाओं के साथ समुचित विकास की अवधारणाओं के पूरा किया जाएगा। कवर्धा नगर पालिका में व्यवस्थागत सुधार होंगे और यहां की नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कवर्धा में बड़ी परियोजनाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। कई करोड़ों रुपए की विकास कार्य चल रहें है, जो शहर के विकास को नई दिशा देने में सहायक होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि विष्णुदेव सरकार ने कवर्धा में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे शहर के नागरिकों को और भी बेहतर जीवन की सुविधाएं मिल सकेंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आने वाले समय में कवर्धा को एक बेहतर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाने का विश्वास जताया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ने शपथ ग्रहण के बाद अपने संकल्प को साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य कवर्धा शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की परिकल्पना को साकार करने के लिए पूरी नगर पालिका टीम के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि कवर्धा को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट कीं । उम्मीद जताई कि वे शहर के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और शहरी क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं का विकास करना रहेगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में छन्नू निर्मलकर और उनके साथियों द्वारा भजन और देशभक्ति कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह प्रस्तुति समारोह की एक महत्वपूर्ण आकर्षण रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन और देशभक्ति गीतों ने समारोह को एक आध्यात्मिक और राष्ट्रीयता से प्रेरित माहौल में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान छन्नू निर्मलकर और उनके साथी कलाकारों ने ऐसे भजन प्रस्तुत किए, जो शांति और सद्भावना का संदेश देते थे, वहीं देशभक्ति गीतों ने सभी उपस्थित लोगों में जोश और उत्साह का संचार किया।। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक महत्वपूर्ण और समाज सेवा से जुड़ी पहल की शुरुआत हुई, जब निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का ब्रोशर विमोचन किया गया। यह विमोचन कार्यक्रम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के हाथों हुआ। यह दिव्यांग सेवा शिविर विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें विभिन्न चिकित्सा, उपकरण और अन्य आवश्यक सहायता निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

## समाचार संक्षेप



### कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ने ली शपथ

**कवर्धा,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने ली शपथ । शपथ ग्रहण समारोह में डिप्टी सीएम विजय शर्मा , सांसद संतोष पांडेय , पूर्व विधायक सियाराम साहू , पूर्व विधायक अशोक साहू , जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी , जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



**कवर्धा ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर ने पार्षद सुनील साहू , पार्षद रेखा साहू , पार्षद मनीषा साहू , पार्षद मनोज गुप्ता , पार्षद दुर्गेश अवस्थी , पार्षद देवा साहू , सहित सभी पार्षदों को शपथ दिलाई ।



**कवर्धा ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। शपथ ग्रहण समारोह में ऑटो से पहुंचकर कवर्धा नगर अध्यक्ष चंद्रकाश चंद्रवंशी ने शपथ ली ।**

### बुजुर्ग से 5 लाख की ठगी

**भिलाई ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** जंबी रिसर्च इंस्टीट्यूट मुंबई में निवेश करने का झांसा देकर बुजुर्ग से पांच लाख 70 हजार रुपये की ठगी की गई है आरोपितों ने सूर्या अपार्टमेंट माडल टाउन जुनवानी निवासी प्रमोद कुमार संगल को झांसा दिया था कि यदि वे उस कंपनी में निवेश करते हैं तो उन्हें अच्छा मुनाफा हो सकता है निवेश के बाद लाभ में 20 प्रतिशत कमीशन लेने की बात कही थी शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि बीते 22 अप्रैल 2024 को प्रमोद कुमार संगल के मोबाइल पर किसी सुनीता सिंह नाम की महिला का मैसेज आया था उसने खुद को जंबी रिसर्च इंस्टीट्यूट मुंबई का कर्मचारी बताया था बुजुर्ग को बताया कि यदि वे उसकी कंपनी में निवेश करते हैं तो उन्हें अच्छा लाभ हो सकेगा। आरोपित ने लाभांश में से 20 प्रतिशत कमीशन के रूप में मांगा था आरोपित की बातों में आकर पीड़ित ने 22 अप्रैल से 11 मई 2024 के बीच विभिन्न किस्तों में कुल पांच लाख 70 हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद जब पीड़ित ने लाभ सहित अपनी निवेश की राशि वापस मांगी तो आरोपित महिला ने पहले 20 प्रतिशत कमीशन जमा करने के लिए बोला था आरोपितों ने जंबी रिसर्च इंस्टीट्यूट मुंबई में निवेश करने का झांसा देकर की ठगी बुजुर्ग की शिकायत पर वैशाली नगर थाना पुलिस ने दर्ज किया ठगी का मामला.

### ठेलेवाले ने की डीजीएम से मारपीट

**भिलाई ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** बीती रात रुआबांधा मार्केट में सब्जी लेने स्कूटी से गए बीएसपी के डीजीएम से पार्किंग को लेकर एक पान ठेला संचालक से विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि ठेलेवाले ने डीजीएम से मारपीट कर उंगली तोड़ दी। रिपोर्ट पर भिलाईनगर पुलिस मामले में धारा 115(2), 296 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी बी ब्लाक निवासी प्रफुल्ल फालके (49 वर्ष) भिलाई इस्पात संयत्र में डीजीएम के पद पर पदस्थ हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार रात करीब 10 बजे शनिचरी मार्केट रुआबांधा में सब्जी खरीदने के लिए स्कूटी लेकर पहुंचे, जहां रेलिंग के पास उन्होंने स्कूटी को पार्क कर दिया इस पर एक पान ठेले वाले ने विरोध करने लगा इस पर उसने स्कूटी को वहां से हटाकर रेलिंग के अंदर खड़ा कर दिया, लेकिन पान ठेले वाला रेलिंग के अंदर भी गाड़ी खड़ी करने का विरोध करने लगा और उसके पास आकर गाली-गलौज शुरू कर दी देखते ही देखते आरोपी पान ठेले वाले ने हाथापाई शुरू कर दी, जिसमें उसकी बाए हाथ की ऊंगली टूट गई सेक्टर-09 अस्पताल में इलाज कराने के बाद थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया है.

### नशीली सिरप एवं टेबलेट बरामद

**भिलाई ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** मोहन नगर थाने पुलिस ने नशे पर शिकंजा कसते हुए मेडिकल संचालक सहित दो आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में नशीली सिरप एवं टेबलेट बरामद



किया है दुर्ग सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी इसी दौरान पुलिस टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि नितेश सिंह (26 साल ) जोन 2, सेक्टर 11 खुर्सीपार जो स्टेशन रोड दुर्ग से नशीली दवाई अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहा है इसके बाद नितेश सिंह से जब्त नशीली दवाई के संबंध में पूछताछ करने पर देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग से खरीदना बताया आरोपी नितेश के बताये जाने पर टीम ने मौके पर औषधि निरीक्षक दुर्गेश्वारी साहू को बुलाया और देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग में छापा मारा इस छापेमार कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित नशीली सिरप एवं टेबलेट बड़ी मात्रा में एवं बिक्री रकम 4050 रुपए देवा भगत फार्मेसी के संचालक अजय देवांगन से बरामद कर कार्रवाई की है सीएसपी सिंह ने बताया कि आरोपी के फार्मेसी लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा जा रहा है.

## पाटन जनपद में भाजपा का समर्थन बढ़ने से जीत तय

**उतई ,3 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव से पहले भाजपा के पक्ष में सदस्यों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को पाटन ब्लॉक के ग्राम पतोरा निवासी निर्दलीय जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रिका कलिहारी देवदास ने भी अपने समर्थकों के साथ जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चन्द्राकर, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, प्रदेश सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ शिव चन्द्राकर, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, युवा भाजपा नेता नवीन पवार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जनपद सदस्य चंद्रिका देवदास कलिहारी के साथ उनके पति चित्रसेन



देवदास जो कि कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पाटन ब्लॉक महामंत्री हैं उन्होंने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाजपा प्रवेश लिया साथ ही उनके समर्थक चंचल यादव, रीना देवदास और काजल देवदास भी साथ में थे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि विगत कार्यकाल में पाटन जनपद में कांग्रेस की सत्ता रही इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा का माहौल रहा, कांग्रेस की गलत कार्यशैली और भाजपा की विकासात्मक सोच के चलते बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### युवक से ठगी

**भिलाई ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** एक युवक को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब करने का झांसा देकर ठग ने करीब 1.67 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 5 निवासी आदित्य शिवम (28 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 दिसंबर 2024 को दिव्या शर्मा नाम के व्यक्ति ने मो. नंबर से व्हाट्सअप के माध्यम से मैसेज कर डिजिटल मार्केटिंग का काम करने के लिए ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब करने के लिये प्रोत्साहित किया और ज्वाइन करने को कहा। इसमें दुनिया के सारे बड़े होटल व रेस्टोरेंट के गूगल वेबसाइट में लाइक और अंग्रेजी अक्षरों में कमेंट करने कहा गया उसके लिए प्रार्थी को लिंक भेजा और प्रति घंटे 20 से 24 रेस्टोरेंट पर ऑनलाइन लाइक कमेंट करने पर प्रार्थी को 3500 रुपए प्रदान करने की बात कही। प्रार्थी का एकाउंट नंबर मांगा गया प्रार्थी ने अपना एकाउंट नंबर दिया तो प्रार्थी के खाते में 1000 और 2000 खाते में डाला गया ठग ने उसे झांसे में ले लिया। इसके बाद कहा कि आपके पैसे कॉइन स्विच के एप्लीकेशन में जमा है और इस तरह से ठग ने प्रार्थी के खातों से कुल 1,69,700 रुपए आनलाइन धोखाधड़ी की है

## महाराज सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना के लिए राजभर समाज ने छेड़ा अभियान

**भिलाई,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** महाराज सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना को लेकर राजभर समाज के लोगों ने अभियान छेड़ दिया है। इस मामले में पिछले दिनों छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर के नेतृत्व में राजभर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल महापौर नीरज पाल से मुलकात की एवं समाज की ओर से उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से निवेदन किया कि राजभर समाज के वीर पुरुष महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा भिलाई में स्थापित करने एवं समाज के सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने में योगदान दें। महापौर नीरज पाल ने भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को जरूर आगे बढ़ाएंगे। राजभर समाज के अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने इस मामले को लेकर भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव से भी पिछले दिनों समाज के सदस्यों के साथ भेंट मुलाक़ात की थी जहाँ विधायक ने भी दोनों मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। नरसिंह राजभर ने कहा है कि वे महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा भिलाई में स्थापित करने एवं समाज के सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने के काम में लगातार लगे हुए हैं। इस मामले में उनका संपर्क दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के मंत्री अनिल राजभर तक बना हुआ है। जरूरत पडी तो वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाक़ात करेंगे, साथ ही दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भी जाएंगे। सामाजिक तौर पर इस काम को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। महापौर एवं विधायक से मुलाकात के दौरान नरसिंह राजभर के साथ समाज के उपाध्यक्ष सुभाष भारद्वाज, कोषाध्यक्ष बी. एल. भारद्वाज, सचिव राधेश्याम भारद्वाज, सूर्य राज भारशिव, महेंद्र राजभर, राजेश राज, बबलू भारद्वाज, संतोष भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## विधायक देवेंद्र ने सेक्टर-5 कार्यालय में की आम लोगों से मुलाकात

**भिलाई, ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को सेक्टर 5 स्थित कार्यालय में चौपाल लगाया. जेल से आने के बाद पहली बार विधायक ने चौपाल लगाया. जहाँ हजारों समर्थक अपने नेता से भेंट मुलाकात करने हालचाल पूछने पहुंचे। सुबह से ही सेकड़ो लोगो का भीड़ लगनी. जहां उन्होंने युवा साथी, महिलाएं, विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल भी मुलाकात करने पहुंचे. सभी ने विधायक का कुशलक्षेम जाना, हालचाल पूछे. विधायक ने भी लोगों से मिले सभी का हालचाल जाना. लोगो ने अपनी समस्या भी बताई जिनके समस्याओं का समाधान किया। करीब 6 माह बाद अपने नेता से मिलाकर लोगो में काफ़ी उत्साह का माहौल, लोगो ने जमकर खुशी मनाई. वहीं कुछ लोगों ने राशन कार्ड बनाने, शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूल में प्रवेश को लेकर अपनी बात रखी। जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया और राशन कार्ड को जल्द से जल्द बनाने कहा। निजी अस्पताल में भर्ती मरीजों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन को फोन कर सहयोग करने कहा। इसके अलावा बहुत सुपेला क्षेत्र की महिलाएं व पुरूष, जिन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था, वे भी विधायक के पास योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग लेकर पहुंचे थे। जिन्होंने अपनी परेशानी विधायक को बताई और विधायक यादव ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बता दें कि विधायक यादव अपने कार्यालय में पहुंचने वाले हर व्यक्ति से मुलाकात करते हैं उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करते है ।

## अमलेश्वरडीह में 19 एवं 20 अप्रैल को होगा तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह

**उतई ,3 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

तहसील साहू संघ पाटन कार्यकारिणी बैठक अमलेश्वरडीह में रविवार को आयोजित किया गया। बैठक में 19 एवं 20 अप्रैल को तहसील साहू संघ पाटन के झीट परिक्षेत्र के ग्राम अमलेश्वरडीह में आयोजित होने वाले साहू संघ की बैठक में लिया गया । परिक्षेत्र पदाधिकारीगन स्थानीय आयोजन में अतिथि बतौर शामिल होंगे और सामाजिक संदेश वाहक का कार्य करेंगे। पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू ने कहा साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। हर व्यक्ति को सामाजिक कार्यों में प्रत्येक व्यक्ति का भागीदारी होनी चाहिए। किसी




विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह के 22 वे वर्ष के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। तैयारी बैठक में कार्यक्रम की प्रारंभिक रूपरेखा तय किया गया। तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा पाटन तहसील के एक एक साहू परिवार जिनके द्वारा 50 रुपए एवं 5 किलो अन्न दान के बदौलत लगातार 22 वर्षों से आयोजन के माध्यम से सैकड़ों जोड़ा का विवाह सम्पन्न करवा चुके है। सामूहिक विवाह के बैनर तले 99 इकाई में निवासरत झेरिया साहू परिवारबक सम्मेलन मूल उद्देश्य है द्य सामूहिक विवाह के माध्यम से समाजबकी एकता और संगठन की ताकत बढ़ती है द्य पाटन तहसील के सभी 99 गांवों में कर्मा जयंती का आयोजन किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसलिए अब परिक्षेत्रीय स्तर पर कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किये जाने का निर्णय तहसील के ऊपर टीका टिप्पणी करने से बचे। सकारात्मक सोच के साथ अपनी भागीदारी निभाने से आयोजन सफल होता है। बैठक का संचालन महासचिव खेमलाल साहू ने किया। आभार प्रदर्शन कल्याण साहू ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, सलाहकार अश्वनी साहू,जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू,डॉ गुलाब साहू, मोहन साहू,किशोर साहू,कल्याण साहू,किशन हिरवानी,पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू साहू,गोपेश साहू,रविशंकर साहू, दुलेश्वर साहू,सरिता साहू,गायत्री साहू,विमला साहू,जय साहू,भुनेश्वरी साहू,जागेश्वरी साहू, सुखदेव साहू,गीता साहू,दुलारी साहू,कृष्ण कुमार साहू,बलराम साहू,राजू साहू,रामाधार साहू,ताम्रध्वज साहू,मूलचंद साहू,द्वारिका साहू, डोमन साहू, नवलकिशोर साहू, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर चेतन निलंबित, दो को कारण बताओ नोटिस

**भिलाई, 3 मार्च।** भिलाई नगर निगम भिलाई में 42 ऐसे कर्मचारियों को जो विभागों में कार्य में लापरवाही कर रहे थे या जिनकी तबीयत खराब रहती थी। ऐसे लोगों का चुनाव करके उद्यानों में पानी डालने एवं साफ-सफाई के कार्य में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसमें से 30 कर्मचारी अपने कार्य पर उपस्थित हो गए। कुछ कर्मचारियों को विभागीय आवश्यकता को देखते हुए उनके उच्च अधिकारी द्वारा विभाग में ही रहने की मांग की गई थी। उनको रोका गया है। चेतन ताम्रकार सफाई कर्मचारी को अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने उच्च अधिकारी के साथ अभद्रता करने, आदेश को नहीं मानने, उपस्थिति दर्ज कराकर कार्य नहीं करने आदि की लापरवाही पाई गई। उसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम तीन के विरुद्ध पाते हुए सेवा से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही श्रीमती बिंदा बाई एवं श्रीमती ललिता बाई सफाई कामगार को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वह भी जांच करने के दौरान अपने कार्य पर अनुपस्थित पाई गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों को चेतावनी दी है.

## दक्षिण गंगोत्री रेलवे लाइन के समीप अवैध निर्माण को निगम ने कराया बंद

**भिलाई, ,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर निगम भिलाई के दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नियमित भ्रमण पर थे। नगर निगम के रिक्त भूखंडों का राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी के साथ निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान उनकी नजर दक्षिण गंगोत्री के बास लकड़ी टाल के पास अवैध निर्माण पर गया। पूछने पर जब उनसे कागज मांगा गया तो उनके पास अनुज्ञा भवन अनुज्ञा एवं भूखंड का कागज का कागज नहीं था। तत्काल रूप से कार्य को बंद कराया गया। नेहरू नगर जोन के आयुक्त अजय सिंह राजपूत जोन राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, को भेज करके निर्मित क्षेत्र का पैमाइश करवाया गया। तब पता चला कि रविंद्र सिंह आत्मज ब्रह्मदेव सिंह लगभग 2500 वर्ग फुट, जेठू राम साहू पिता स्वर्गीय फुदूक राम साहू द्वारा



1800 वर्ग फुट में में अवैध निर्माण किया जा रहा था। संबंधित को कार्य बंद करने का नोटिस दिया गया। उसे चेतावनी दी गई कि अगर उसके द्वारा अवैध निर्माण किया हो गया तो छत्तीसगढ़ नगर पाली निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए, अवैध निर्माण को गिरा दिया जाएगा । अवैध निर्माण करता द्वारा बड़े चालाकी से सामने से लकड़ी टाल और बास का स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया था। पीछे साइड में अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। जिससे सामान्य तौर पर देखने पर निर्माण पता ना चले। कोई भी व्यक्ति नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बिना भवन अनुज्ञा के अवैध रूप से निर्माण करेगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

# विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों पर लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त



■ मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमोदन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 03 मार्च।** वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति वर्ष 2024-25 की भांति होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने का निर्णय भी यथावत् रखा गया है। देशी मदिरा की आपूर्ति पूर्ववत् रेट ऑफर प्रभावी रहेगा। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा। मदिरा पर लागू अधोसंरचना विकास शुल्क यथावत् रहेगा। विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों पर 9.5 प्रतिशत की दर से लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त होगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के हित को देखते हुए ई-प्रोक्योरमेंट के लिए गठित सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। चूंकि वर्तमान में पीएफआईसी द्वारा 100 करोड़ रूपए से उपर की परियोजनाएं स्वीकृत किए जा रहे हैं। बड़ी आईटी परियोजनाओं के संबंध में पहले से सशक्त समिति अनुमोदन की अनिवार्यता होने से अनुमोदन प्रक्रिया का डुप्लिकेशन होता है। इस कारण सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और उपभोक्ता मामलों की समयबद्ध सुनवाई के लिए सदस्य का एक नवीन पद सृजित करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के समर्थन मूल्य योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ श्रम विधियां संशोधन एवं विविध प्रकीर्ण उपबंध विधेयक-2025 के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948, औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 तथा ट्रेड यूनियन अधिनियम-1976 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1908 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। रजिस्ट्री ऑफिसों के नियमित रूप से संचालन के लिए वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 9 पदों की पूर्ति के लिए पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

## एक नजर

### अनियंत्रित वाहन चलाकर नाबालिग ने बाइक व ठेले को किया क्षतिग्रस्त

**कोरबा 03 मार्च।** टीपी नगर क्षेत्र में इंडियन कॉफी हाउस से ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले आंतरिक मार्ग पर गत रात करीब 9.30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। काले रंग की एक जीप के चालक ने बड़ी खतरनाक तरीके से वाहन को चलाया और रफ्तार देते ही उसने टैक्सी स्टैंड के पास संचालित पान ठेला को टक्कर मारते हुए यहां से गाड़ी आगे ठीक सामने संचालित दुकानों के बरामदे को क्षतिग्रस्त करते हुए रफ्तार बढ़ा दी और नया बस स्टैंड जाने वाले मार्ग से होकर फरार हो गया। इस घटनाक्रम के दौरान यहां मौजूद कुछ लोग चपेट में आने से बाल-बाल बचे। ठेला व दुकान संचालकों तथा कुछ वाहनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। बताते चलें कि इन दिनों वाहन चलाने के शौक में अनेक अकुशल और नाबालिक हाथों ने स्टेरिंग थाम रखी है, इसकी वजह से वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का सबब बन रहे हैं। बहरहाल उक्त जीप की तलाश पुलिस द्वारा सूचना मिलने के उपरांत की जा रही है।

### पीडब्लूडी कालोनी में मकान का ताला तोड़कर चोरों ने किया जेवर व नगदी पार

**कोरबा 03 मार्च।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पीडब्लूडी कॉलोनी के एक मकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफकर दिया। वारदात तहसील कार्यालय में पदस्थ श्रीमती ओंकार देवी लदेर के घर हुई, जब पूरा परिवार बिलासपुर में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। चोरों ने अलमारी में रखे कीमती गहने और नकदी की चोरी कर ली। पीड़ित परिवार की बेटी की शादी जल्द होने वाली थी, जिसके लिए आभूषण और रकम जुटाई गई थी। पति डीआर लदेर की मृत्यु के बाद पत्नी अनुकंपा नियुक्ति पर तहसील कार्यालय में कार्यरत है और कठिन परिस्थितियों में बेटी के विवाह की तैयारियों में लगी थीं, लेकिन इस चोरी ने उनकी खुशियों को बड़ा झटका दे दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को संदेह है कि चोरी की इस वारदात में किसी ऐसे शख्स का हाथ हो सकता है, जिसे परिवार के बाहर जाने की जानकारी थी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। चोरी की यह वारदात सुरक्षित माने जाने वाले अधिकारियों की कालोनी में हुई है। घटनास्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर आजाक थाना स्थित है। बावजूद इसके चोरों ने बेखौफहोकर चोरी को अंजाम दिया।

### पिकअप की टक्कर से 12वीं कक्षा के छात्र की मौत

**कोरबा 03 मार्च।** जिले के करतला थाना क्षेत्र के चारमार मदवानी मुख्य मार्ग पर एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार 12वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान विशेष राठिया (17) के रूप में की गई है, जो ग्राम मधुबनी का निवासी था और बोतली हाई सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करता था। जानकारी के अनुसार घटना के समय विशेष स्कूल से घर लौट रहा था। हादसा इतना भीषण था कि घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए कोरबा के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे की वजहों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## निधन

### रतनलाल पटेल

**राजनांदगां, 03 मार्च।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा निवासी रतनलाल पटेल निधन 95



वर्ष में हो गया पटेल बी एन सी मिल सेवानिवृत्त कर्मचारी रहा अपने पीछे चार पुत्र तीन पुत्री सहित नाती नातिन छोड़कर स्वर्गवासी हो गया निधन पर शोक संवेदना जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व सरपंच पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच लोकेश गंगवीर पूर्व उपसरपंच कृतलाल पटेल सहित ग्रामीण जन पटेल समाजिक पारिवारिक जनो शोक संवेदना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## साहू संघ ने जताई कांग्रेस के प्रति नाराजगी

■ जिला साहू संघ के अध्यक्ष को कांग्रेस के नेताओं ने षड्यंत्र कर हराया

■ जिला साहू संघ की आज हुई बैठक में विभिन्न विषय हुए सर्वसम्मति से पारित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 03 मार्च।** आज जिला साहू संघ में बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वप्रथम जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू सहित सभी पदाधिकारी ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। उक्त बैठक में चार विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। कर्मा जयंती 25 मार्च 2025 जिला साहू संघ में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया उक्त तिथि को किसी भी अन्य ग्राम परिक्षेत्र तहसील में कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किया जाएगा उसी प्रकार तहसील परिक्षेत्र में कर्मा जयंती होने पर उक्त अन्य आयोजन नहीं किया जाएगा। मां भानेश्वरी जयंती 9 में मई को मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम परिक्षेत्र तहसील का सामाजिक चुनाव 15 अप्रैल से 30 में तक होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सामाजिक पदाधिकारी के विरुद्ध डोंगरगांव विधायक के द्वारा उसके चुनाव को प्रभावित करने का कार्य किया विधायक के उक्त के लिए कृत्य के लिए जिला साहू समाज द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही जिला साहू संघ के सामाजिक कार्यक्रमों में सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मोती साहू, भागवत साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, भुनेस्वरी साहू, कुलेश्व साहू, अंजु साहू, ज्ञानचंद साहू, मिलाप साहू, चंदन साहू, माधव साहू, महेश साहू, गंभीर साहू, परदेशी राम साहू, चंद्रशेखर साहू, छबिल साहू, खिलेश्व साहू, तिलक साहू सहित जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लालबाग पुलिस ने बिहार पटना ढाबा में पकड़ी शराब

**रायपुर, 03 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री, परिवहन की रोकथाम एवं असमाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान के तहत जरिये मुखबीर सूचना मिला कि रवि



नामक व्यक्ति बिहार पटना ढाबा के पास साईट गली के मकान के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भा0पु0से0 ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग के समक्ष गवाहो के बिहार पटना ढाबा रीवागहन में रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी रवि यादव पिता चनीरक यादव उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 20 पेण्ड्री बस्ती थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के निशान देही पर ढाबा के साईड गली में मकान के पास प्लास्टिक बोरी में 42 पौवा देशी शराब एवं 46 पौवा फाईन अंग्रेजी शराब कुल 88 पौवा अवैध शराब किमती 5980 रूपये एवं आरोपी से शराब बिक्री रकम 750 रूपये कुल 9760 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## अपराधों को रोकने के लिये भावों का परिवर्तन आवश्यक:समतासागर

■ समतासागर महाराज ने यहां धर्मसभा को संबोधित किया।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 03 मार्च।** भारतीय कानून व्यवस्था में अपराधों को रोकने के लिये डंड की व्यवस्था है लेकिन हमारे शास्त्र उन अपराधों को रोकने के लिये भावों का परिवर्तन आवश्यक मानते है7 उपरोक्त उदगार संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि समतासागर महाराज ने प्रातःकालीन धर्म सभा में व्यक्त किये मुनि श्री ने कहा कि बाहर की खोज तो आपने बहुत की लेकिन अपनी खोज आज तक नहीं कर पाये7 उन्होंने भारत एक खोज के वैज्ञानिक आईनस्टीन की



चर्चा करते हुये कहा कि जब उनसे पूछा गया कि सर आपकी कोई खोज ऐसी भी रही जिसे आप चाहकर भी पूर्ण न कर पाऐ हों? तो उस वैज्ञानिक ने जवाब दिया जिसने सारी जिंदगी मुझसे खोज कराई उसको मै आज तक नहीं खोज पाया उसने कहा कि उस खोज को करने के लिये मुझे एक बार भारत में ही जन्म लेना होगा क्योंकि वह खोज करने वाला भारत की माटी में तथा भारत के पानी में घुला मिला है7 मुनि श्री ने कहा कि हिंसा- झूठ- चोरी- कुशील- और परिग्रह को जब संकल्प पूर्वक त्याग कर दिया जाता है तभी परिणामों में परिवर्तन आ सकता है7 यह पांच पाप तथा मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान और मिथ्या चारित्र रुपी अज्ञानता से ही आते है7 जो चारों गति में परिभ्रमण करा रहे है7 इस परिभ्रमण से बचना चाहते हो तो सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के साथ देशव्रतों को अंगीकार करो तथा 12 भावनाओं का चिंतवन करोगे तो आप भी भगवान वन जाओगे।उन्होंने कहा कि भवनों में बैठ कर कभी भगवान तो छोड़ो कभी आत्मध्यानी भी नहीं बन सकते7 उन्होंने कहा कि अब तक सुनी बहुत रामायण भगवान राम की आओ आज सुनो रामायण अपने आत्मराम की प्रभु राम ने जब भवन को छोड़ा और वह वन को गये इसीलिये वह राम बन गये7 जब तक आप संकल्प पूर्वक अपनी सत्ता को नहीं छोड़ेंगे तब तक आप जीवन में सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान तथा सम्मक् चारित्र की प्राप्ती नहीं कर सकते7 उन्होंने कहा कि कुलाचार का पालन, रात्री भोजन का त्याग, पानी छानकर पीना, नित्यप्रति देव दर्शन करना, शुद्ध वस्त्र पहन कर भगवान का अभिषेक तथा पूजन करना तथा आत्मा के गुणों का चिंतन,जिनवाणी का स्वाध्याय, अभक्ष्य तथा अखाद्य सामग्रीओं का त्याग तो धर्म की प्रायमरी स्टेज है। उन्होंने उपस्थित एवं चैनल के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से कहा कि आप लोग मधु-मांस का त्याग तो कर देते हो लेकिन फास्ट फूड के माध्यम से नानवेज आपकी रसोई में प्रवेश कर चुका है जो आपके धर्म को नष्ट कर रहा है।

## कैलेंडर विमोचन समारोह में प्रांतीय पदाधिकारी भी हुए शामिल

■ फेडरेशन के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में कलेक्टर हुए शामिल

■ छ ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन राजनांदगांव के जिला संयोजक बने सतीश ब्यौहरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 03 मार्च।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय



संयोजक कमल वर्मा ,प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, प्रांतीय महासचिव आर . के. रिछारिया , प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश मिश्रा अपाक्स के प्रांताध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन ,एसडीएम खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, तहसीलदार मनीष वर्मा के कर कमलों से होटल पंचशील (रेलवे स्टेशन के पास ) के सभागार में जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे जिला संरक्षक डॉ के एल टांडेकर के संयुक्त मार्गदर्शन में समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ के एल टांडेकर के स्वागत संबोधन से हुआ। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को लोक सेवा के लिए कटिबद्ध होकर जन सेवा का कार्य करने की अपील की, कर्मचारियों अधिकारियों से आह्वान किया कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ,लगन एवं ईमानदारी से करेंगे ताकि प्रशासन में एक अच्छी छवि बनी रहे। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि पुरे राज्य में राजनांदगांव जिला एकजुटता, संघर्षशीलता एवं जुझारूपन के लिए अपनी अलग पहचान बनाया है।

## आपसी रंजिश को लेकर युवक पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला

**कोरबा 03 मार्च।** कोरबा में एक युवक पर तीन लोगों ने जानलेवा हमला किया है। घटना बालको थाना क्षेत्र के लालघाट शराब दुकान के पास नया रिसदा रोड पर हुई। 25 वर्षीय अजीत यादव बाइक से रिसदा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान तीन युवकों ने उसकी बाइक रुकवाई। आरोपियों ने अजीत पर बियर की बोतल और चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बियर की बोतल से सिर पर और चाकू से पेट पर वार किया।

## समाचार संक्षेप

### जिला टीचर्स एसोसिएशन ने महापौर मधुसूदन यादव का किया सम्मान



**राजनांदगाँव, 03 मार्च।** जिले के टीचर्स एसोसिएशन राजनंदगांव के जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र यदु के नेतृत्व में राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये। उसके पश्चात शिक्षकों की मूल मांग ÷01 जनवरी 2025 के स्थिति में रिक्त पदों की गणना करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी के 500 से अधिक पदों को शामिल करने के लिए संघ ने बात रखी। साथ ही ष्टत्रज्ञ ने अपनी मूल मांग ÷ प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ देने पर ज्ञापन सौंपा गया।÷ आने वाले समय मे माननीय मधुसूदन यादव से मुलाकात कर शिक्षक स्क्र संवर्गो के समस्याओं को लेकर जल्द बड़ी बैठक होगी। आज के मुलाकात में संभाग प्रभारी श्री शैलेंद्र यदु जी, जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा जी,शरद शुक्ला जी,विद्यानंद डोंगरे जी,संतोष टमरे जी,ब्रिजेश वर्मा जी,भुवाल साहू जी,आदित्य तिवारी जी,चंद्रिका यादव जी,जिला कोषाध्यक्ष हंस मेश्राम जी,जिला प्रवक्ता मनोज कुमार वर्मा,जिला महामंत्री राजेश कुमार साहू,ब्लाक अध्यक्ष छुरिया दिनेश कुरेटी जी,राजनांदगांव ब्लाक अध्यक्ष अनिल शर्मा जी,किशन देशमुख जी,प्रदेश ढ्ढञ्ज सेल माधव साहू,राकेश नेताम,देवेश देशलहरे,जयनारायण भुआर्य,नितेश शुक्ला,महादेव वालदे, रेवती रमन वैष्णव, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### रायपुर में ग्रीन आर्मी के होंगे 25 जोन



**रायपुर, 03 मार्च।** पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी संस्था ग्रीन आर्मी का शपथ ग्रहण आज वीआईपी रोड श्री राम मंदिर कांफ्रेंस हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ आराध्य देव भगवान श्री राम जी एवं धरती माता जी की पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि संस्था पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ते हुए अब वर्ष 2025 में 25 जोन बनाकर कार्य करेगी। आज इस शपथ ग्रहण के अवसर पर लगभग 100 से अधिक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। जिनका स्वागत अभिनंदन रायपुर जिला अध्यक्ष श्री गुरदीप टुटेजा जी द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री अमिताभ दुबे जी शपथ अधिकारी के रूप में आज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने विभिन्न जोनों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए ग्रीन आर्मी के गतिविधियों के बारे में बारिकी से जानकारी प्रदान किया साथ ही ब्रेन पॉल्यूशन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि व्यक्ति को योजना बनाकर एवं लक्ष्य निर्धारित कर छोटे स्तर में ही सही किंतु सही दिशा मे निरंतर प्रयास करना चाहिए।

### मोहबे हेल्थकेयर चला रहा निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**राजनांदगांव, 2 मार्च।** नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय मोहला में राजनांदगांव के डॉ. सौरभ मोहबे डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल एवं डॉ . गौरव जैन तथा टीम द्वारा ग्रामीणों का निः शुल्क परीक्षण किया जा रहा है। वनांचल वासियों की सुविधा के लिए दो रेजिडेंस डॉक्टर्स के अलावा लैबोरेटरी , फार्मेसी एवं एक्स - रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। तीन दिवसीय शिविर में अब तक लगभग 450 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जरूरी दवाइयां प्राप्त किया। डॉ. सौरभ मोहबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन जिला मुख्यालय मोहला में मोहबे हेल्थकेयर द्वारा वनांचल वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु मानवीय सेवा का बड़ा उदाहरण पेश किया जा रहा है। निः शुल्क परीक्षण के अलावा जरूरी दवाइयां प्रदान कर ग्रामीणों को दूर - दराज इलाज के लिए भटकने की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कम से कम शुल्क में एक्स - रे की सुविधा मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। तीन दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हुआ। इससे पहले डॉ पारस सोनी , गौरव जैन के साथ दो नियमित डॉक्टर्स द्वारा लगभग 450 ग्रामीणों को अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने का अवसर प्राप्त हुआ।

### पीड़ित परिवारों को नक्सल पूनर्वास नीति का लाभ देने से ही होगा नक्सलवाद का अंतः साहू

**राजनांदगांव, 03 मार्च।** बस्तर के आदिवासियों की विकास को लेकर ड़बल इंजन की भाजपा सरकार का कदम निःसन्देह सराहनीय है, लेकिन सवाल उस सिस्टम को लेकर है, जिसके पांव-तले गरीब नक्सल हिंसा मे शहीद हुए आदिवासी कुचले जा रहें हैं...। दरअसल, मामला नक्सल पीड़ित



■ नक्सल पीड़ित शहीद परिवारों के लिए क्या कर रहीं है डबल इंजन की भाजपा सरकार

उन आदिवासी शहीद परिवारों का हैं, जो बरसों से अपने हक़ और जायज मांगों के लिए दर-बदर की ठोकरें खा रहें हैं...। प्रदेश के नक्सल पीड़ित शहीद परिवार, जिनमें पूर्व एसपीओ, शहीदों के परिजन, आत्मसमर्पित नक्सली और गोपनीय सैनिको के अलावा उनके परिजन भी शामिल हैं। ये वो लोग है जिन्हें सरकार की पुनर्वास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है... जिससे ये नाराज हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा साल 2004 में नक्सल पीड़ित पुनर्वास कार्य योजना बनाए गए हैं। पुनर्वास योजना के तहत नक्सल पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता राशि, जिला मुख्यालय में मकान, राशन कार्ड, बस पास, छात्रवृत्ति, जमीन के बदले जमीन और नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है, लेकिन इन पीड़ितों की माने तो किसी भी पीड़ित परिवार को योजना का लाभ समय सीमा के भीतर नहीं मिल रहा है...। नक्सल उन्मूलन के नाम पर सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च कर रही है... फिर भी नक्सलवाद की समस्या कम होने के बजाय दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसकी बहुत बड़ी वजह ये सिस्टम और इस सिस्टम की वादा खिलाफ़ी हैं। ऐसे में फिर सवाल खड़ा हो जाता है कि... आख़िर क्यों नक्सलियों के साथ हथियार उठाएं खड़े गरीब आदिवासी आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटेंगे..?

# रक्तदान शिविर के साथ जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 03 मार्च।** माई की नगरी में हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वावधान में पूण्य श्लोका अहिल्या बाई होलकर के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें 122 रक्तविरो ने किया रक्त का समपर्ण जिसमे जिला हॉस्पिटल राजनंदगॉव,मेडिकल कॉलेज पेंड्री व अपना ब्लड सेंटर रायपुर की टीम ने ब्लड का संग्रहण। साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में चुन कर आये जनप्रतिनिधियों के हनुमान भक्तों व नगर के प्रबुद्धजनों ने किया सम्मान व नगर के विकास कार्य स्वस्थ्य, शिक्षा, व्यापार, सौदर्यीकरण को लेकर की गई चर्चा जिसमे आगमी 5 वर्षो में पूर्ण करने का दिया आश्वासन आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह कौशल वर्मा जी व भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती,भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नौआना,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा वरिष्ठ हरविंदर सिंह मंगे,अध्यक्ष जिला रक्तविर संगठन फनेद्र जैन उपस्थिति रहे। आयोजन में जिला कार्यवाह कौशल वर्मा जी ने पूण्य श्लोका अहिल्या बाई होलकर जी जीवन व उनके द्वारा महिला



शसक्तीकरण, सामाजित, व सोमनाथ से लेकर काशी तक के मंदिर का जीणोद्धार के किये जाने के बारे में बताया समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि शहर को लेकर अध्यक्ष एवं समस्त जनप्रतिनिधियों से इन 5 वर्षों के लिए बहुत सी अपेक्षायें है



जिसमे मुख्य रुप से चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर करना जिसमे नगर के मध्य पुराने हॉस्पिटल को उपस्वाथ्य केंद्र बनाया जाए व नए हॉस्पिटल में मरीजो को ब्लड चढ़ाने की सुविधा प्रारंभ हो व शिक्षा के क्षेत्र व नगर में हाईटेक लाइब्रेरी व प्रतिवर्ष एजुकेशन सेमिनार का आयोजन हो,पर्यटन विभाग व नगर पालिका डोंगरगढ़ का पोर्टल बनाया जाए जिसमे डोंगरगढ़ समस्त समाज के मंदिरों व स्थानों को हाइलाइट किया जाए जिससे दर्शनीयो का आवागमन बढे, गोलबाजार व बुधवारी सब्जी मंडी को व्यवस्थित किया जाये। व शहर में बड़ी कंपनियों को बुलाकर रोजगार हेतु रूपरेखा बनाई जाए,शहर के चौक चौराहे को सुसज्जित व कैमरा लगाया जाए शहर में घुमंतू गौवंश के लिए नगर में उचित स्थान देख गौ अभयारण बनाया जाए व एक गौ एम्बुलेंस की मांग रखी गयी महावीर तलाब का सौदर्यीकरण कर महावीर वाटिका का निर्माण किया जाए इन विषय पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया व जनप्रतिनिधियों से निवदेन किया गया। साथ ही युवा समिति द्वारा नवनिर्वाचित न.पा अध्यक्ष रमन डोंगरे व समस्त वार्ड पार्षदों को मुमेंटो श्रीफल फूल देकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# ट्रंप व्यवसायी हैं जोखिम उठा रहे हैं

दुनियां में कई लोग होते हैं तो अपने जीवन में कुछ नया करने के लिए जोखिम उठाते हैं। वह जो होता आया है, उससे होने वाले नुकसान को देख पाते हैं और उस नुकसान से खुद को और देश को बचाने का प्रयास करते हैं। ऐसे जोखिम उठाने वाले लोगों को शुरू में समझना मुश्किल होता है क्योंकि लोगों की किसी को समझने की एक परंपरागत आदत होती है। इसलिए जो भी कुछ नया करने वाले को पुराने परंपरागत आदत से समझने की कोशिश करेगा,वह उसे पूरी तरह समझ नहीं आएगा, उसे लगेगा कि यह आदमी तो गलत कर रहा है, इससे नुकसान होगा क्योंकि अब तक देश के नेता ऐसा नहीं करते थे। दूसरे विश्वयुध्द के बाद से अमरीका की एक परंपरागत राजनीति थी। जो भी राषट्रपति होता था, वह उसी राजनीति को सही मानता था जो दूसरे विश्वयुध्द के बाद से चली आ रही है। कोई भी इसे गलत नहीं मानता था, इसलिए किसी ने इसे बदलने की कोशिश नहीं की। अमरीका में अब तक हुए किसी भी राष्ट्रपति को ऐसा लगता नहीं था कि दूसरे विश्व युध्द के बाद चली आ रही अमरीका की राजनीति से देश को कोई नुकसान हो रहा है।दूसरे विश्वयुध्द के बाद दुनिया दो ध्रुवीय था। यानी दो ही देश सबसे शक्तिशाली थी। सारे देश इन दोनों देश के बीच बंटे हुए थे। पूरी दुनिया में रूस व अमरीका ही सबसे ज्यादा शक्तिशाली देश थे विश्व राजनीति में वही होता था जो दोनों देश चाहते थे। दोनों देशों का किसी भी तरह से चुनौती देने वाला कोई देश नहीं था,तब किसी देश को शक्तिशाली तब ही माना जाता था वह सेना व हथियारों के आधार पर कितना शक्तिशाली है। उसके पास कितने परमाणु हथियार है। रूस के टूटकर कई देशों में बंट जाने से रूस की जगह लेने की तैयारी कई देशों में की। इसमें सबसे ज्यादा सफल चीन हुआ। चीन ने सेना व हथियार के रूप में अपने को ताकतवर तो बनाया ही। आर्थिक रूप से वह विश्व की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति भी बन गया है और अमरीका के लिए वह चुनौती बन गया है। रुस दूसरे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। रूस की जगह चीन ने ली है। अमरीका व रूस जब दो सबसे बड़े महाशक्ति थे तो वह सेना का आधार पर परमाणु हथियार के आधार पर थे. अब दुनिया में सबसे शक्तिशाली देश वह माना जाता है जो आर्थिक आधार पर सबसे ज्यादा शक्तिशाली होता है यानी जिसकी अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी होती है। इसमें सोवियत संघ के टूटने के बाद रूस तीसरे नंबर पर आ गया है और उसकी जगह चीन ने ले ली है। चीन दूसरे नंबर पर इसलिए आ सका है कि वह सैन्य रूप से शक्तिशाली होने के बाद भी किसी देश से युध्द करने की जगह व्यापार करने और लाभप्रद व्यापाार करने में यकीन करता है। बाइडेन तक जितने अमरीका के राष्ट्रपति हुए उनकी कोशिश यही रही कि हर कीमत पर अमरीका को विश्व में नंबर वन पर रहना है। इसके लिए उसे बहुत पैसा खर्च करना पड़े तो उसने पैसा खर्च किया। इसके लिए उसने नाटो संगठन बनाया और जितने देश इस संगठन में आए उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। यानी अमरीका विश्व में खुद को विश्व के देशों की सुरक्षा करने वाला मानता था। यानी वह रूस से उन लोगों को बचाता था। इस तरह वह खुद को विश्व में लोकतंत्र,विश्वशांति,देशों के रक्षक के तौर पर पेश करता था। इसके लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ते थे तो वह उसे जरूरी भी मानता था। रुस के कमजोर होने के बाद विश्व की राजनीति बदल गई है। अमरीका को अब विश्व का सबसे बड़ा देश या नेता बने रहने के लिए इतने पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है। यह बात बाइडेन तक नेताओं को समझ में नहीं आई है। इस बात को ट्रंप समझ रहे हैं कि अपने आपको नंबर वन बनाए रखने के लिए अब पहले की तरह अमरीका को दूसरे देशों के लिए अपने पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है। दूसरे देशों को अपनी सुरक्षा के लिए अपने पैसे खर्च करने चाहिए। ट्रंप व अमरीका के दूसरे राष्ट्रपतियों में यह मूल फर्क है कि दूसरे राष्ट्रपति अमरीका के बाहर अमरीका का बहुत सारा पैसा खर्च करना अमरीका को विश्व में नंबर बन बनाए रखने के लिए जरूरी मानते थे। आज अमरीका तो विश्व में नंबर वन पर हैं ही, इसलिए उसे इसके लिए पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है, उल्टें अमरीका से बाहर जो अमरीका का पैसा खर्च हो रहा है, उसे रोकने और बचाने व उसे अमरीका के हित मे खर्च करने की जरूरत है। अमरीका का व्यापारिक रूप से मजबूत करने में खर्च करने की जरूरत है। आज रूस अमरीका के लिए उतना बड़ा खतरा नहीं है जितना बड़ा खतरा चीन है। चीन से अमरीका को हमले का कोई खतरा नहीं हैं लेकिन अमरीका जानता है कि चीन से उसे लड़ना है क्योंकि यह लड़ाई हथियारों की नहीं है यह लड़ाई आर्थिक रूप में विश्व में नंबर बन बने रहने की है। आज आथिक रूप से कोई अमरीका को हरा सकता है तो वह चीन है क्योंरि वह रूस की जगह दुनिया का नंबर दो देश है। आज कोई अमरीका की जगह ले सकता है तो वह चीन ले सकता है। आज नंबर वन अमरीका है इसलिए दुनियां में अमरीका की बात सुनी जाती है,मानी जाती है। सब मानते हैं कि अमरीका के साथ रहने में भलाई है और उसका विरोध करने में नुकसान है। नंबर वन होने के कारण अमरीका चाहता है कि वह हमेशा नंबर वन बना रहे। इसके लिए अब जरूरी है कि वह आर्थिक रूप से इतना मजबूत रहे कि कोई उसे नंबर वन की जगह से हटा नहीं सके। वाइडेन तक अमरीका को सैन्य रूप से ज्यादा शक्तिशाली बनाए रखने के साथ ही आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाए रखने के प्रयास हुए। ट्रंप अब अमरीका का आर्थिक रूप से ज्यादा शाक्तिशाली बनाना चाहते हैं सैन्य रूप से शक्तिशाला बनाए रखते हुए। पहले के राष्ट्रपति मानते थे कि अमरीका सैन्य रूप से शक्तिशाली रहेगा तो आर्थिक रूप से भी शक्तिशाली बना रहेगा। उनके विपरीत ट्रंप अब मानते हैं कि अमरीका आर्थिक रूप से शक्तिशाली बना रहेगा तो वह सैन्य रूप से शक्तिशाली बना रहेगा। पहले अमरीका सेना के बल पर विश्व में राज करता था। वह किसी भी देश पर हमला कर विश्व में अपना दबदबा बनाए रखता था। आज चीन की तरह बिना युध्द के विश्व में अपने को शक्तिशाली बनाए रखने का दौर है। अमरीका भी अब इसी रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए जरूरी है कि अमरीका आर्थिक रूप से ज्यादा से ज्यादा शक्तिशाली हो। ऐसा तब हो सकता है जब अमरीका की परंपरागत राजनीति बदली जाए। ट्रंप अमरीका की परंपरागत राजीनीति को बदलने का प्रयास कर रहे हैं,वह इसमें कितना सफल होंगे यह आने वाले समय में पता चलेगा।

राजनीति | तनवीर जाफरी

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं 'वफादार ' होना जरूरी



इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता,पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ₹अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीजें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि ₹मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। ₹ थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस खबर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जायेंगे ? खासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ किये जाने से इन कयासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाकात की प्रशंसा की। उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ-35 लड़ाकू विमान को खरीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ यह कहकर की कि ये विमान काफी क़ीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को खरीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस ऋ35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी खरीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुये लिखा था कि ₹लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। ₹ बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुये कहा कि - मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, ' हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। ₹ वैसे भी जिस तरह '50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड ' कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गयी थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा। परन्तु इन्हीं खबरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गयी है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है ? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म श्री तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है,को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं ? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हश्र भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी काबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया ? हाँ यदि एस जय शंकर, अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को जिम्मेदारियाँ दी भी गयी हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हाँ सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की ₹ना ₹ की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर ' ही तो कहा है ? कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहाँ पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी,सलाह देने वाला,अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुये शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिये जो उनके प्रति पूरी तरह वफादार हो और हर सही व गलत बात में आला कमान की हाँ में हाँ मिलाने की 'सलाहियत ' रखता हो। हाँ, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार ' नेता भी मिल जायेंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुजारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर खामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है। चूँकि ऐसे नेता प्रायः अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव में होते हैं इसलिये 'जो मिला उसी में संतोष ' के सिद्धांत पर समझौता करते हुये अपना समय गुजार लेते हैं जबकि कुछ बगावती तेवर रखने या सच बोलने अथवा सवाल खड़ा करने वाले नेता 'सतपाल मालिक ' बन जाते हैं। गोया भारतीय राजनीति में बुद्धिमान होना ज्यादा जरूरी नहीं बल्कि 'वफादार ' होना ज्यादा जरूरी है।

## आज का राशिफल

मेष- उच्च शिक्षा के छात्रों को अपेक्षित सफलता प्राप्त होगी, प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क से सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. नौकरी में उच्चाधिकारियों के साथ अनावश्यक विवाद और उलझन की संभावना है, जिससे नए पद और अधिकार प्राप्त करने में देरी हो सकती है. आपको अपने सहयोगियों से समर्थन प्राप्त होगा.

वृष- सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तियों के लिए यह समय लाभकारी रहेगा. कई रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरणा मिलेगी. व्यापार में उन्नति होगी और आय के स्रोत बढ़ेंगे. परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे और संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा.

मिथुन- व्यापार में उन्नति होगी. कार्य में सफलता मिलेगी और आय में वृद्धि होगी, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. आवश्यक कार्यों में अनायास सफलता मिलेगी और स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा. कानूनी मामलों में सफलता प्राप्त होगी और शत्रुओं पर विजय हासिल होगी.

कर्क-आपके परिश्रम के बावजूद स्थिति अनुकूल नहीं रहेगी. मानसिक तनाव बना रहेगा. भाई-बहनों या मित्रों से कुछ कठिनाइयाँ हो सकती हैं, इसलिए लिखापढ़ी के कार्यों में विशेष ध्यान दें. व्यापार में लेन-देन से संबंधित विवादों से बचें. अनावश्यक दौड़-भाग अधिक करनी पड़ सकती है.

सिंह-आपके द्वारा सोचे गए कार्य कम होंगे. किसी न किसी समस्या में उलझने की संभावना है. नौकरी में स्थानांतरण या अधिकारियों के साथ मतभेद हो सकते हैं. जोखिम भरे कार्यों में सावधानी बरतें, आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं. उच्चस्तरीय व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने की कोशिश सफल नहीं होगी.

कन्या-आपको अचानक धन लाभ की संभावना है, रोजगार और व्यापार के कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे और आपकी प्रगति होगी. संपत्ति, मकान और नए व्यापार में सफलता मिलने की संभावना है, परिवार में विवाह जैसे शुभ कार्यों का आयोजन हो सकता है. स्वजन और मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा.

तुला-आपका स्वास्थ्य संतोषजनक रहेगा, आपके कार्य सफल होंगे. किसी कार्य से आपको आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, नए कार्य की शुरूआत में अब कोई बाधा नहीं रहेगी, समस्याएँ समाप्त होंगी, मन में खुशी का अनुभव होगा. कई महत्वपूर्ण कार्य जो लंबित थे, वे पूरे हो सकते हैं.

वृश्चिक-आपको संतान के लिए खर्च करना पड़ेगा. यह खर्च उनकी उन्नति के लिए किया जाएगा, लेखन और अध्ययन में रुचि बढ़ेगी, घर में वरिष्ठ व्यक्तियों का आगमन होगा, भूमि, भवन और वाहन के सुख की संभावना रहेगी, यात्रा का आयोजन होगा. सामाजिक संपर्क और प्रभाव का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा.

धनु-आपको रोजगार में सफलता मिलेगी, यशस्वी कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा. जो इच्छाएँ अब तक अधूरी थीं, उनकी पूर्ति का सिलसिला शुरू होगा, व्यापार में लाभ होगा, बड़े-बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होगा.

मकर- अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों, अधिकारियों और उच्चस्तरीय व्यक्तियों के साथ संबंध स्थापित करने का प्रयास करें. इससे चल रही समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा. जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना उचित रहेगा. नौकरी में उन्नति के अवसर मिलेंगे और बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे.

कुंभ- आपके आवश्यक कार्यों में आपकी व्यावहारिकता सिद्ध होगी, जो आपको पहचान और प्रसिद्धि दिलाएगी. आवश्यक कार्यों के निष्पादन में आपकी सूझबूझ सराहनीय रहेगी. मित्रों से प्रेम और सहानुभूति प्राप्त होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. संतान पक्ष से निश्चिंतता बढ़ेगी.

मीन- मानसिक उलझनों का सामना करना पड़ेगा. जिन पर आपने भरोसा किया है या जिन्हें आपने सहायता दी है, वे आपके खिलाफ कार्य कर सकते हैं, लेकिन आपको किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा. राजकीय मामलों को लेकर चिंतित रहेंगे.

(संदर्भ भारत)

# धर्मनिरपेक्षता देश की रक्त प्रवाहिका

संजीव ठाकुर,



धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है'

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है' हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें' आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था' स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं' और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है' भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है' भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया है' भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है।इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है' भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा' भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा' भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया है' न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं' किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है ।इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता है' यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है ।भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्वत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है'

## प्रदेश

# हिंदी विरोध को बनाना चाहते हैं सत्ता बचाने का हथियार

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉमूर्ले को लेकर तमिलनाडु के नेता जिस प्रकार का बयान दे रहे हैं, वह सिर्फ भड़काऊ होने के साथ ही राजनीतिक स्वार्थ से ओत-प्रोत है। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं, इसके पीछे उनका सिर्फ एक ही मकसद है वोट बैंक की राजनीति। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस विवाद को बड़ा फलक देते हुए यहां तक कह दिया है कि तमिलनाडु 'एक और भाषा युद्ध' के लिए तैयार है। उनके अनुसार केंद्र अगर तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति लागू करता है, तो उसे 2000 करोड़ रुपये मिलेंगे। लेकिन 2000 करोड़ क्या अगर केंद्र 10000 करोड़ रुपये भी देती है, तो हम नई शिक्षा नीति नहीं लागू करेंगे। राज्य सरकार हिंदी को लागू करने की अनुमति नहीं देगी और तमिल भाषा और संस्कृति की रक्षा करेगी। डीएमके सरकार का दावा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फॉमूर्ले के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है। साथ ही स्टालिन ने आरोप लगाया कि 25 से अधिक उत्तर भारतीय भाषाओं को हिंदी और संस्कृत के प्रभुत्व के कारण नुकसान हुआ है। उनका दावा है कि यदि तमिलनाडु तीन-भाषा नीति को स्वीकार कर लेता है, तो तमिल को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और भविष्य में संस्कृत का दबदबा रहेगा। हालांकि, केंद्र सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है। सीएम स्टालिन ने अपने पत्र में कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी भाषाओं को हिंदी के प्रभुत्व ने खत्म कर दिया है। केंद्र का कहना है कि एनईपी के जरिये किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जा रही है। किसी भी राज्य या समुदाय पर कोई भी भाषा थोपने का सवाल ही नहीं उठता। एनईपी 2020 भाषायी स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखता है और यह सुनिशित करता है कि छात्र अपनी पसंद की भाषा में सीखना जारी रखें। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोध का लंबा इतिहास है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में वर्ष 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। वे हिंदी को भारतीयों को एकजुट करने वाली भाषा मानते थे। तब ही तमिलनाडु में हिंदी विरोध शुरू हो गया था। ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में तमिलनाडु को मद्रास प्रेसिडेंसी कहा जाता था। तब 1937 में सी. राजगोपालाचारी की सरकार ने स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य किया, तो तमिलनाडु में इसके खिलाफ तीन साल तक आंदोलन चला। फैसला वापस लेने पर आंदोलन तो खत्म हो गया, पर इसने राज्य में हिंदी विरोध के जो बीज बोए थे, वे जब-तब अंकुरित होने लगते हैं। क्षेत्रीय पार्टियां राजनीतिक फायदे के लिए इन्हें खाद-पानी मुहैया कराती रहती हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में 1967 से दो-भाषा फॉमूर्ले (तमिल और अंग्रेजी) का पालन किया जा रहा है। त्रिभाषा फॉमूर्ले के तहत हिंदी वहां क्षेत्रीय पार्टियों के लिए आंख की किरकिरी बनी हुई है। शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के इस नीति के मकसद के बावजूद ये पार्टियां पुराना राग नहीं छोड़ना चाहतीं। द्रमुक की मौजूदा सरकार पर केंद्र की यह चेतावनी भी बेअसर रही कि जब तक तमिलनाडु एनईपी को पूरी तरह लागू नहीं करेगा, उसे समग्र शिक्षा निधि



की 2952 करोड़ रुपए की राशि जारी नहीं की जाएगी। तमिलनाडु सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाजे इसलिए बंद रखना चाहती है, क्योंकि उसे लगता है कि एक बार दरवाजे खुले तो राजनीति का रंग-रोगन बदल जाएगा। नई शिक्षा नीति हिंदी थोपने के बजाय विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने का अवसर दे रही है। हकिकत यह है कि नई शिक्षा नीति में हमने क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिया है। यह हर क्षेत्रीय भाषा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नई शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा के उपयोग की सिफारिश को लागू किया गया है। इसमें मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा का विकल्प भी दिया गया है। भाषा नीति का मूल आधार त्रिभाषा फामूर्ला है, जिसके अनुसार स्कूली विद्यार्थियों को तीन भाषाओं का ज्ञान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसके साथ ही तमिल, तेलगू, कनड़, फारसी, संस्कृत और शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन पर जोर दिया गया है। शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की वकालत करने वाला तबका जिसमें देश भर में कुकुरमुत्तों की तरह फैले अंग्रेजी माध्यम के स्कूल भी हैं, शिक्षा नीति के उस प्रावधान का विरोध करता नजर आया, जिसमें प्राथमिक शिक्षा के लिए पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा या स्थानीय भाषा में कराने की बात कही गई है। दुनिया भर के शिक्षाविद यह मानते हैं कि बच्चे का सर्वाधिक प्रारंभिक विकास और सौखने की प्रवृत्ति उसी भाषा में बढ़ती है, जो उसके घर में बोली जाने वाली भाषा होती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी मानना था कि मातृभाषा का स्थान कोई दूसरी भाषा नहीं ले सकती, उनके अनुसार 'गाय का दूध भी मां का दूध नहीं हो सकता।' केंद्र सरकार भी मातृ भाषा को ज्यादा महत्व दे रही है, मगर जिस प्रकार से हिंदी का विरोध किया जा रहा है, वह अनावश्यक है। ये हकीकत है कि तमिलनाडु की राजनीति हिंदी विरोध के आसपास घूमती रहती थी है। ये बहुत ही सस्ता और इंस्टैंट रिफ्रेशिंग पॉलिटिक्स है। मगर, दूसरे समाज की तरह तमिलनाडु के नौजवानों के लिए भाषा से ज्यादा जरूरत रोजी-रोजगार की है। शायद सत्ताधारी पार्टी के पास उसे लेकर कोई मजबूत ब्लूप्रिंट नहीं है। लिहाजा, भावनात्मक मुद्दों के सहारे 2026 का चुनाव साधने की कोशिशों में जुटी है। सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही हम देश की सांस्कृतिक एकता मजबूत कर सकते हैं। हिंदी बोलने वाले लोग देश के हर कोने में मिल जाते हैं। कोई राज्य अगर अपनी मातृभाषा को महत्व देता है, तो उसकी भावना का सम्मान किया जाना चाहिए। मगर किसी राज्य विशेष का नागरिक दूसरे राज्यों में जाता है, तो हिंदी के बिना उसका काम नहीं चलता। भाषाएं तो एक दूसरे से जुड़ कर ही आगे बढ़ती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फामूर्ले को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी के बीच स्टालिन का विरोध नाहक ही है कि हिंदी से उनकी मातृभाषा नष्ट हो सकती है। दरअसल, उन्होंने अपने स्वर तीखे करते हुए साफ कर दिया है कि वे उन्हीं पुराने आंदोलनों के वशंज है, जिसमें हिंदी को लेकर उपेक्षा का गहरा भाव है। स्टालिन यह भूल गए हैं कि हिंदी दिलों को जोड़ने की भाषा है। यह आज भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में समझी और बोली जाती है। इसलिए इस मुद्दे पर राजनीति की बजाय गंभीरता से विचार होना जरूरी है। क्योंकि यह मसला राजनीति से बहुत बड़ा है। आखिरकार यहां सवाल हमारे भविष्य का है, हमारी अगली पीढ़ी का है। और सवाल व्यक्तिगत पसंद नापसंद का भी है। बच्चों को भाषा चुनने की आजादी मिलनी चाहिए। लेकिन हमारे राजनीतिक लोगों को रोटी सेकने के लिए मुद्दे की तलाश रहती है फिर चाहे राष्ट्रभाषा हिंदी का विरोध करना ही क्यों न हो। लेकिन यह मानसिकता ठीक नहीं है।

## एक नजर

### प्लेसमेंट कैंप 10 मार्च को

**जगदलपुर 03 मार्च।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर में 10 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। एक निजी प्राईवेट फर्म नियोजक के कुल 150 में पदों हेतु भर्ती किया जाएगा। (बीमा सखी महिला कम से कम 10वीं एवं एलआईसी एजेंट योग्यता 12वीं, मासिक वेतन बीमा सखी हेतु 7000 इन्सेंटिव तथा एलआईसी एजेंट हेतु कमीशन के आधार पर कार्यक्षेत्र जगदलपुर) इच्छुक आवेदक निर्धारित स्थल पर समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राम सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

### जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन 6,10,11 को

**जगदलपुर 03 मार्च।** जिला बस्तर के जनपद पंचायत बकावण्ड, दरभा, बास्तानार, बकावण्ड, दरभा एवं बास्तानार हेतु 6 मार्च, जनपद पंचायत लोहण्डीगुडा का 10 मार्च और जनपद पंचायत जगदलपुर का 11 मार्च को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत का पूर्व में जारी समय-सारणी अनुसार कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन एवं प्रथम सम्मिलन 27 फरवरी को समय-सारणी जारी किया गया था। जिसको आंशिक संशोधन करते हुए 6 मार्च, 10 मार्च और 11 मार्च को किया गया है।

### दो टीआई के साथ 5 एसआई के प्रभार में फेरबदल

**रायपुर, 03 मार्च।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने जिले में पदस्थ दो निरीक्षकों के साथ ही पांच सहायक निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षकों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। निरीक्षक अश्वनी सिंह थाना लखनपुर को प्रभारी यातायात शाखा अंबिकापुर, निरीक्षक मनोज प्रजापति प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम अंबिकापुर को थाना प्रभारी लुण्ड्रा तथा उपनिरीक्षक शिशिरकांत सिंह लुण्ड्रा से अंबिकापुर, विजय कैवर्त्य प्रभारी यातायात शखा को थाना अंबिकापुर, चंद्रप्रताप तिवारी प्रभारी सायबल सेल को थाना प्रभारी बतौली, प्रेमसागर खुटियां थाना लखनपुर को लाइन अंबिकापुर, दीलिप दुबे अंबिकापुर को थाना लखनपुर तथा सहायक उप निरीक्षक अरुण दुबे को थाना अंबिकापुर से लाइन अंबिकापुर स्थानांरित किया गया है।

### विस रोड पर पलटी केपीएस की स्कूली बस

**रायपुर, 03 मार्च।** राजधानी में आज स्कूली बच्चों के साथ बड़ा हादसा होते होते टला. कृष्णा पब्लिक स्कूल की बस विधानसभा रोड पर पलट गई. बस तेज रफ्तार में थी और स्कूली बच्चों को पिक (लेने) करने जा रही थी, इसी दौरान ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बस अनियंत्रित होगई और पेड़ से टकराकर वहीं पलट गई. राहत की बात यह रही कि स्कूल बस में कोई बच्चे सवार नहीं थे, केवल ड्राइवर और कंडक्टर ही सवार थे. वरना कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी. वहीं इस दुर्घटना ने स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा पर सवाल खड़े कर दिए हैं. देखना यह होगा कि स्कूल प्रशासन इस मामले में क्या एक्शन लेता है।

### दुकान के पास खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 03 मार्च।** महादेव घाट स्थित हनी मोटर के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूर्णेन्द्र प्रताप सिंह 26 वर्ष गणपति नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलडब्लू 0140 को महादेव घाट स्थित हनी मोटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 03 मार्च।** ग्राम बिरौदा अभनपुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौतम साहू 38 वर्ष ग्राम बिरौदा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कांग्रेस करेगी ईडी दफ्तर का घेराव

**रायपुर, 03 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के खिलाफप्रदेश कांग्रेस का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते दो दिनों में जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के बाद, आज 3 मार्च को कांग्रेस पार्टी रायपुर में ईडी दफ्तर का घेराव करने जा रही है। यह घेराव दोपहर 12 बजे राजधानी रायपुर स्थित सुभाष स्टेडियम के पास स्थित ईडी दफ्तर के सामने होगा, जहां कांग्रेस के बड़े नेता भी शामिल होंगे। पार्टी का आरोप है कि ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध के तहत की जा रही है, और कांग्रेस इसके खिलाफ आवाज उठा रही है।

# महापौर संजय पांडे ने की अपनी पहली पारी की शुरुआत

- किया पदभार ग्रहण
- पूजा-अर्चना, भारत माता के जयकारे के बीच संभाली महापौर की कुर्सी
- राम दरबार के साये में करेंगे लोगों का दुख दूर

■ मुख्य नगर संवाददात



**जगदलपुर, 03 मार्च।** नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डेय ने सोमवार को मेयर के रूप में अपनी पहली पारी की शुरुआत धर्म आराधना के साथ की। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप और कई वरिष्ठ जन मौजूद थे।

नगर निगम कार्यालय जाने से पहले मेयर संजय पांडे माई दंतेश्वरी के मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। निगम कार्यालय में शुभ मुहूर्त पर उन्होंने नगर निगम महापौर के रूप में अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत करते हुए पदभार ग्रहण किया। नए महापौर के चेंबर को बहुत ही कम समय में तैयार किया गया है। रात दिन काम करके कारीगरों ने इसे नया रूप दिया है। महापौर जिस कुर्सी में बैठेंगे उसके पीछे एक राम दरबार का बड़ी फोटो लगाई गई है। वहीं कक्ष के भीतर प्रधानमंत्री के छायाचित्र के साथ ही क्रम से अन्य नेताओं और दिवंगत महापुरुषों की भी तस्वीरें लगाई गई हैं।

मालूम हो कि चुनाव परिणाम के 13 दिन बाद 1 मार्च को शुभ मुहूर्त में संजय पाण्डे ने अपने पार्षदों के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा अन वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शपथ ली थी । आज सुबह नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर ने पदभार ग्रहण किया। सांसद महेश कश्यप व सभी स्नेहीजनों ने उन्हें बुके भेंट कर बधाई दी। इससे पूर्व संजय पांडे अपनी धर्मपत्नी रेखा पांडे के साथ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के नेता, वरिष्ठ नागरिक भी मौजूद रहे। निगम कार्यालय में बस्तर सांसद महेश कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व महापौर सफीरा साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, सभी पार्षद, कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक मजबूती और नगर निगम विकास पर हुई बैठक

**कोरबा, 03 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय दीनदयाल कुंज में भाजपा पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नगर पालिका निगम में भाजपा के महापौर एवं पार्षदों की ऐतिहासिक विजय पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने कहा कि भाजपा को मिले जनसमर्थन और विश्वास पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी को समर्पित रहना होगा। उक्त बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, कोरबा जिला प्रभारी एवं रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व सांसद, बिलासपुर लखनलाल साहू, पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर, कोरबा नगर निगम नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, कोरबा विधानसभा के मंडल अध्यक्षगण, नगर निगम के सभी भाजपा पार्षदगण उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में उपस्थित भाजपा के सभी विजयी पार्षदगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे उपस्थित।

बैठक में कोरबा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

उन्होंने नगर निगम के विकास कार्यों को गति देने और भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान भाजपा की आगामी योजनाओं और नगर निगम के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे और पार्टी नेतृत्व ने उन्हें आगामी रणनीतियों से अवगत कराया।

बैठक का समापन भाजपा के संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा की प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ।

# विधानसभा में गूंजा अमानक बीज का मामला

- सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने कृषि मंत्री नेताम को घेरा



**रायपुर, 03 मार्च।** विधानसभा में आज किसानों को सहकारी समिति से बांटे जाने वाले खाद, बीज का मामला गूंजा। सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को घेरते हुए आरोप लगाया कि निजी कंपनियों को अधिक खाद आबंटन किया जा रहा है, वहीं अमानक बीज वितरण किया गया है जिससे किसानों को अच्छी फसल नहीं मिली है। मंत्री ने ऐसे किसानों को नया बीज देने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की घोषणा सदन में की। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपने मुंगेली जिले में अमानक बीज वितरण की जानकारी देते हुए बताया कि सहकारी समितियों को यूरिया, डीएपी खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं की जा रही है, निजी क्षेत्र की कंपनियों को अधिक आबंटन किया जा रहा है जिससे किसानों को महंगे दर पर खाद खरीदना पड़ रहा है। वहीं अमानक बीज से उनके जिले के 40 गांवों में चने की फसल नहीं हुई है। भाजपा विधायक ने पूछा कि क्या किसानों को सरकार क्या राहत देगी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भाजपा विधायक ने की। चर्चा में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरमलाल कौशिक ने भी निजी कंपनियों को अधिक खाद आबंटन पर आपत्ति जताते हुए सरकार की नीति सुधारने की मांग की। विभागीय मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि ऐसे किसानों को जिनकी फसल खराब हुई है उन्हें गुणवत्तायुक्त बीज देंगे और इसके लिए दोषी अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी।

## माँ बम्लेश्वरी समूह की बहनें पलास के फूलों से रंग-गुलाल बना रही

**छुरिया, 03 मार्च।** माँ बम्लेश्वरी समूह से जुड़ी हरियाली बहिनी पलास के फूलों से रंग-गुलाल बनाने कल ग्राम फ ाफ ामार में प्रशिक्षण ग्राम सोनवानी टोला, टीपानगढ़, तेंदूटोला, मासुल की महिलाओं को दी गई, साथ ही मोहला विकासखंड के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया। इस दौरान फू लबासन यादव ने पलास के फूलों से रंग-गुलाल बड़े स्तर पर बनाने के लिये हरियाली बहिनी की तारिफ करते हुए कहा कि रंग-गुलाल को केमिकल युक्त बनाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें लोगों का विश्वास कायम रहें इसके लिये विशेष ध्यान देना होगा। हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान पलास के फुल एवं पालक की भाजी से गुलाल बड़ी संख्या में बनाई गई है अब इसे बाजार में बिक्री करने तैयार की जा चूकी है साथ ही पलास के फूलों से पावडर भी तैयार की गई है जिसे भी बेची जायेगी। 15-20 वर्ष पूर्व पलास के फूल को गरम पानी में उबालकर होली खेली जाती रही है रेडीमेंट केमिकल रंग गुलाल का प्रचलन शुरू होने के चलते अब पलास के फूलो के रंगों से होली नही खेली जा रही है जिसकों देखते हुए गाँव-गाँव में बिना लागत से तैयार होने वाले पलास के फूलों से होली खेलने जागरूकता अभियान साथ ही प्रशिक्षण दी जा रही है पलास फूल औषधि से भरपूर होने से त्वचा एवं स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। प्रशिक्षण के दौराण 3 कुंटल गुलाल का आर्डर भी प्राप्त हो चुका है इसमें मार्केटिंग की कोई दिक्कत नही हो रही है पहले आओं तभी पाओं के दर्ज पर रंग-गुलाल मिल पायेगा। होली 14 मार्च को होने के कारण गाँव-गाँव में रंग-गुलाल का लगातार प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है जिस किसी को रंग-गुलाल की आवश्यकता है वे माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति, पताल भैरवी मंदिर परिसर राजनांदगांव मो.- 9301745406 में संपर्क किया जा सकता है।

## सीतामणी कोरबा के युवक की ट्रेन से गिरकर इटारसी में हुई मृत्यु

**कोरबा 03 मार्च।** सीतामढ़ी कोरबा निवासी 28 वर्षीय युवक की मध्य प्रदेश के इटारसी-बैतूल रेल लाइन पर ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गयी हैं। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ के सीतामढ़ी कोरबा निवासी 28 वर्षीय अनिल कुमार रजक पिता राजकुमार रजक के रूप में की गयी हैं। रानीपुर पुलिस को रेल ट्रैक के पास शव मिलने की सूचना मिली थी। तद्पश्चात शव को बरामद कर घोड़ाडोंगरी सीएचसी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव खंबा नंबर 831-20 के पास मिला था।

## एक साल बाद जब मां ने अपने बेटे को देखा तो दोनों की आंखें डबडबा गईं

**कोरबा, 03 मार्च।** एक साल पहले परिवार से दूर हुई 80 वर्ष की बुजुर्ग महिला की घर वापसी हुई है। बेटे सहित परिवार के अन्य सदस्य नवदृष्टि प्रशांति वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्ग महिला को अपने साथ ले गए। वृद्धाश्रम परिवार ने सम्मान के साथ अपने साथी को विदा किया। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में मेमबाई नामक बुजुर्ग महिला की फरवरी 2024 में एंट्री हुई थी। कोरबा रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति उन्हें वृद्धाश्रम छोड़ गया था। बुजुर्ग महिला परिवार के बारे में ठीक से जानकारी नहीं दे पा रही थी, उन्होंने रायगढ़ जिले का होना बताया था। लिहाजा उन्हें आश्रम में भर्ती कर लिया गया। हंसमुख, लेकिन शांत स्वभाव वाली मेमबाई पूरे आश्रम की चहेती बन गई थीं। इधर, सालभर बाद ऐसा समय आया कि उनके परिवार के लोगो को मेमबाई के नवदृष्टि प्रशांति वृद्धाश्रम में होने की जानकारी मिली।

## कुसमुंडा खदान में रोजगार की मांग को लेकर भू-विस्थापितों का आंदोलन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**कोरबा, 03 मार्च।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भू विस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित संगठन के नेतृत्व में लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण की मांग को लेकर 3 मार्च को कुसमुंडा खदान बंद हड़ताल करने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि गत 30 दिसंबर को बिलासपुर मुख्यालय में सीएमडी और डीपी के उपस्तिथि में बैठक हुई जिसमें लंबित रोजगार प्रकरणों का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया गया था। भू विस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण 3 मार्च को कुसमुंडा खदान बंद हड़ताल की घोषणा की गई है।

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने एसईसीएल से साफ कहा की सभी भू विस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भू विस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। हर साल कुछ नौकरी देकर गुमराह करना बंद करे मार्च महीने में कुसमुंडा से कोयला बाहर निकलने नहीं देंगे।विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है अपने पुनर्वास और रोजगार के लिये भू विस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। विकास के नाम पर अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दीये गए विस्थापित परिवारों की जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। कोरबा जिले की विकास की जो नींव रखी गई है उसमें प्रभावित परिवारों की अनदेखी की गई है। लगातार संघर्ष के बाद खानापूर्ति के नाम पर कुछ लोगों को रोजगार और बसावट दिया गया जमीन किसानों का स्थाई रोजगार का जरिया होता है। इसलिए जमीन के बदले सभी खातेदारों को स्थाई रोजगार देना होगा।

## एसईसीएल कुसमुंडा खदान में डीजल चोर गिरोह हुआ पुनः सक्रिय

**कोरबा 03 मार्च।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले के कुसमुंडा परियोजना में बढ़ते डीजल कबाड़ चोरी को अंकुश लगाने के लिए त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के अधिकारी कमर कस कर विभिन्न प्रकार की रणनीति तैयार की है। जिसमें मुख्य तौर पर खदान में प्रवेश बैरियर को छोड़कर अन्य सभी स्थानों को टीएसआर के अधिकारी स्वयं निरीक्षण करते हुए पूर्ण रूप से बाधित कर रही है, जिससे चोरों के प्रवेश पर अंकुश लगाया जा सके। बावजूद इसके चोर रोजाना नए नए जगह बनाते हुए चोरी को अंजाम दे रहे है।

## कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने 'एडियस' थीम के साथ दी भावभीनी विदाई

**रायपुर, 03 मार्च।** कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स ने हाल ही में 'एडियस' थीम के साथ एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया, जो जोश, उत्साह और भावनाओं से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत एक शानदार भांगड़ा प्रस्तुति से हुई, जिसमें छात्रों ने ढोल की ताल पर धमाकेदार एंट्री की और माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ गणमान्य अतिथियों और प्राचार्यों के स्वागत से हुआ, जिसके बाद प्रेरणादायक भाषण दिए गए। केडीसीआरएसटी की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷कभी हार मत मानो। किसी भी काम को



नकारात्मक सोच के साथ मत करो, बल्कि आत्मविश्वास और आस्था के साथ किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करो।÷ इस अवसर पर केवीआईटी के प्राचार्य डॉ. डी.एन. देवांगन और केवीआईपीएस की प्राचार्या डॉ. चंचलदीप कौर भी उपस्थित रहीं, साथ ही संकाय सदस्यों और छात्रों ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न मनोरंजक और प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में भाग लिया, जिससे पूरे माहौल में हंसी और दोस्ती की मिठास घुल गई। विभिन्न विभागों के छात्रों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से मंच पर समा बांध दिया, जिससे यह शाम और भी यादगार बन गई।

### सौ से ज्यादा हत्याओं में शामिल रहे

# 8 लाख के ईनामी नक्सली ने पत्नी, बच्चे के साथ किया सरेंडर

- गंगालूर एरिया कमेटी का डीवीसीएम और सचिव रहा है दिनेश मोड़ियम

■ मुख्य नगर संवाददात



**जगदलपुर, 03 मार्च।** बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में पुलिस एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों की आंखें उस समय फटी की फटी रह गई जब एक बड़ा नक्सली लीडर दिनेश मोड़ियम अपनी पत्नी और मासूम बच्चे को साथ लेकर आत्मसमर्पण करने पहुंच गया। दिनेश सौ से अधिक हत्याओं और पचासों बड़ी नक्सली वरदातों में शामिल रहा है। शासन द्वारा उस पर आठ लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

बीजापुर जिले में सक्रिय नक्सली संगठन की गंगालूर एरिया कमेटी का डीवीसीएम व सचिव दिनेश मोडियम ने अपनी पत्नी कला मोडियम व बच्चे के साथ बीजापुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने पहुंचा। 8 लाख का इनामी नक्सली दिनेश मोडियम पेद्दाकोरमा का निवासी है। स्कूली पढ़ाई के दौरान ही वह नक्सलियों के बाल संघम का सदस्य बन गया था। वह बालपन व किशोरावस्था से ही नक्सली संगठन में सक्रिय रूप से काम करता रहा। दिनेश के काम से प्रभावित होकर बड़े नक्सली लीडर उसे बड़ी ज़िम्मेदारी देते रहे और उसे गंगालूर एरिया कमेटी का सचिव बना दिया। गया। दिनेश मोडियम ने गंगालूर क्षेत्र में क़ई घटनाओं को अंजाम दिया था। उस पर 100 से अधिक हत्याओं में शामिल रहने का आरोप है।

गंगालूर क्षेत्र में पुलिस- नक्सली मुठभेड़ों में दिनेश मोडियम कई बार बच निकला। पुलिस को इस मोस्ट वांटेड नक्सली की तलाश थी।

पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा नया कैंप के स्थापित किए जाने के बाद तथा जवानों के बढ़ते दबाव से रविवार को बीजापुर पुलिस के समक्ष दिनेश मोडियम अपनी पत्नी कला मोडियम व बच्चे के साथ पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। सूत्रों ने बताया कि दिनेश पेद्दाकोरमा का निवासी है। बाल संघम के समय ही वह बड़े नक्सली लीडरों के संपर्क में रहा। पढ़ाई करते समय नक्सलियों के साथ मिल गया।

दिनेश मोडियम एके-47, इसांस जैसे बड़े हथियार अपने पास रखता था। उसे नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले गंगालूर क्षेत्र की कमान दी गई थी। गंगालूर क्षेत्र में आंतक के साथ दिनेश मोडियम कई घटनाओं शामिल रहा है। नक्सली लीडर दिनेश मोडियम के आत्मसमर्पण की जानकारी पुलिस की ओर से अभी तक नहीं दी गई है।

## मदिरा प्रेमियों के लिए राहत की खबर, सस्ती होगी विदेशी शराब

**रायपुर, 03 मार्च।** प्रदेश सरकार द्वारा विदेशी शराब पर लगाए गए 9.5 प्रतिशत के 'अतिरिक्त उत्पाद शुल्क' को समाप्त करने के निर्णय के बाद छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब सस्ती होने जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, विदेशी शराब, विशेष रूप से मध्यम और उच्च श्रेणी की श्रेणियों की खुदरा कीमतों में लगभग 40 रुपये से 3,000 रुपये प्रति बोतल की कमी आएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ आबकारी नीति को मंजूरी दी। नई नीति के अनुसार, अगले वित्तीय वर्ष में 674 शराब की दुकानें चालू रहेंगी और प्रीमियम दुकानों को आवश्यकतानुसार संचालित किया जाएगा। देशी शराब की आपूर्ति के लिए मौजूदा दर प्रस्ताव प्रभावी रहेगा।




विदेशी शराब की थोक खरीद और वितरण का प्रबंधन छत्तीसगढ़ राज्य पेय निगम लिमिटेड द्वारा किया जाता रहेगा। शराब पर बुनियादी ढांचा विकास शुल्क अपरिवर्तित रहेगा, जबकि खुदरा विदेशी शराब पर 9.5 प्रतिशत का 'अतिरिक्त उत्पाद शुल्क' अगले वित्तीय वर्ष में समाप्त कर दिया जाएगा। इस निर्णय से दो बड़े लाभ होने की उम्मीद है, जिसमें छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब सस्ती हो जाएगी और दूसरे राज्यों से शराब की तस्करी पर अंकुश लगेगा। सरकार का मानना है कि जब शराब की कीमतें एक समान रहेंगी, तो अवैध आयात को बढ़ावा नहीं मिलेगा।

### चेकिंग के दौरान शराब तस्करों को पकड़ने व मतदान दल को सुरक्षित स्ट्रांग रूम पहुंचाने वाले पुलिस स्टाफ का हुआ सम्मान

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रधान आरक्षक महेंद्र पोर्ते, ओंकार सिंह राजपूत एवं आरक्षक धीरेंद्र मधुकर को प्रशस्ति पत्र सम्मानित देकर किया। महेंद्र पोर्ते एवं धीरेंद्र मधुकर द्वारा अंबेडकर चौक में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से शराब तस्करी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान के दौरान ओंकार राजपूत द्वारा स्वयं बस को चलाकर मतदान दल को सुरक्षित स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया मिली जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को यातायात शाखा बलौदाबाजार में पदस्थ प्रधान आरक्षक महेंद्र पोर्ते एवं आरक्षक धीरेंद्र मधुकर अंबेडकर चौक बलौदाबाजार में वाहन चेकिंग ड्यूटी में तैनात थे। चेकिंग के दौरान इनके द्वारा मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को शराब एवं वाहन सहित पकड़कर अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना सिटी कोतवाली के सुपूर्द किया गया। 18 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जब मतदान दल वापस होने के लिए बस में सवार हुआ, तो उन्हें पता चला कि बस का चालक शराब के नशे में है तथा बस को बिल्कुल भी नहीं चला पाएगा। मतदान दल के अविलंब गंतव्य तक पहुंचने की स्थिति को समझते हुए थाना सिमगा में पदस्थ प्रधान आरक्षक ओंकार राजपूत द्वारा स्वयं बस को चलाते हुए संपूर्ण मतदान दल को सुरक्षित स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया। पुलिस स्टाफ द्वारा किए गए उपरोक्त कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए 27 फरवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तीनों पुलिस स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत पुलिस स्टाफ में प्रधान आरक्षक 223 महेंद्र पोर्ते यातायात शाखा बलौदाबाजार, आरक्षक 367 धीरेंद्र मधुकर यातायात शाखा बलौदाबाजार, प्रधान आरक्षक 104 ओंकार सिंह राजपूत थाना सिमगा।

## समाचार संक्षेप

### वन अग्नि घटना की सूचना के लिए टोल फ्री नंबर जारी

■ वन अग्नि घटना रोकने वनमंडल रायगढ़ ने जारी की एडवाईजरी

**रायगढ़, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में वनमण्डलाधिकारी रायगढ़ वनमंडल द्वारा वन अग्नि घटना को रोकने हेतु वनक्षेत्रों में घटने वाली अग्नि घटनाओं की सूचना के लिए 24×7 टोल फ्री नम्बर 18002332631 जारी किया गया है। जिससे कि समय पर अग्नि घटनाओं के संबंध में जानकारी मिल सके एवं वनों को अग्नि से बचाया जा सकें। अग्नि सीजन में जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित होती है, रायगढ़ वनमण्डल घने जंगल से घिरा हुआ है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वनोपज संग्रहण जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन है। ग्रामीण वनोपज संग्रह के लिए पेड़ों के नीचे आग लगाते हैं। इसी तरह दावानल के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित होती है। वनमण्डाधिकारी रायगढ़ ने जनसामान्य को सूचित करते हुए जंगलों को आग से बचाने हेतु एडवाईजरी जारी किया है। उन्होंने कहा कि जंगल के गुजरते समय बीड़ी, सिगरेट के जलते टुकड़े न फेकें। वनोपज संग्रहण के लिये पेड़ के नीचे आग न लगाएं। जंगल के भीतर आग लगाकर न छोड़ें। वन के आसपास खेतों में आग न लगाएं। वनों को अग्नि से बचाव हेतु परिक्षेत्र अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ परिक्षेत्र सहायक एवं परिसर रक्षकों के साथ समिति सदस्यों को ग्रामीणों के बीच वनों की अग्नि से सुरक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। जिससे वनों में घटित होने वाले अग्नि दुर्घटना को कम किया जा सकें। वनों की अग्नि सुरक्षा हेतु फायर वाचर नियुक्त किये गये हैं। जिन्हें मौके पर उपस्थित रहकर अग्नि घटना की नियमित जांच करने निर्देशित किया गया है। आग लगने के मामले को भारतीय वन अधिनियम 1972 व वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध की श्रेणी में रखा गया है। यदि आग लगाते पकड़े जाने पर उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रायसायकल मिलने पर सुक्कू पिटला ने जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद



**बीजापुर 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार उप संचालक समाज कल्याय कमलेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सुक्कू पिटला पिता मुत्ता ग्राम पेददाकोडेपाल के अस्थि बाधित दिव्यांग को 28 फरवरी 2025 को ट्रायसायकल प्रदाय किया गया। दिव्यांग वर्तमान में छोटा किराना दुकान संचालित करता है। पूर्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग को ट्रायसायकल प्रदाय किया गया था, जो की कापी पुराना हो चुका है। वर्तमान में नया ट्रायसायकल विभाग द्वारा प्रदाय किया जिसे पाकर दिव्यांग सुक्कू पिटला ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर

### पांच स्कूलों के 24 अतिरक्त कक्ष के लिए 1 करोड़ 83 लाख स्वीकृति




**गरियाबंद, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मांग पर लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 1 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपये के 24 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने बताया कि इनमें गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रीपारा, सड़क परसुली, फुलकर्रा एवं धवलपुर में 5-5 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रत्येक हेतु 38 लाख 15 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिन्द्रानवागढ़ में 4 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 30 लाख 52 हजार रूपये की प्रशसकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जन चौपाल मंगलवार से पुनः प्रारम्भ

**महासमुंद, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम नागरिकों की समस्या, मांग और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर जन चौपाल मंगलवार 4 मार्च से प्रारम्भ होगा। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के सम्पन्न होने के उपरांत पुनः कलेक्टर जनचौपाल अब प्रत्येक मंगलवार को अपने निर्धारित समय दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्टर जन चौपाल में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए टोकन का वितरण हमर गोहार कक्ष में दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

### टेली मानस मोबाइल ऐप मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान एवं सुझाव के लिए उपयोगी

**महासमुंद, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा विकसित टेलीमानस ऐप को महासमुंद जिले में सफलतापूर्वक लांच कर दिया गया है। टेली मानस ऐप एक व्यापक मोबाइल प्लेटफार्म है जो आम जनता के लिए विकसित किया गया है जिसे प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। उक्त टेलीमानस ऐप में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान एवं सुझाव के व्यापक प्रचार - प्रसार हेतु समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, प्रमुख शासकीय कार्यालय, जेल, आश्रम, अनाथालय आदि स्थानो पर पोस्टर, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के माध्यम से तथा सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर एवं व्हाट्सएप) आदि के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए टेलीमानस ऐप क्यूआर कोड तथा हेल्पलाइन नम्बर 14416 का प्रचार-प्रसार किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया द्वारा उक्त ऐप को डाउनलोड कर अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई है।

# खरसिया न.पा. उपाध्यक्ष पद के लिए बंटी एवं मुरली के नाम पर घमासान

## बहुमत पार्षदों की पसंद बंटी सोनी, फिर भी देखना है किसकी खुलगी लॉटरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया, 3 मार्च।** नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद पर कमल गर्ग की जीत एवं 18 पार्षदों में से 15 पार्षद जिताकर भाजपा ने लगभग कांग्रेस का सफाया कर दिया है। कमल गर्ग की बेहतर रणनीति एवं सफल बूथ मैनेजमेंट के कारण भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो सकी है। ऐसी स्थिति में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासियों की अपेक्षाएं नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल गर्ग से बढ़ गई है। अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के शानदार एवं भव्य शपथ ग्रहण के पश्चात उपाध्यक्ष का निर्वाचन होना है।

चूंकि अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग से है इसलिए उपाध्यक्ष पद पर ओबीसी वर्ग की दावेदारी मजबूत है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी परिस्थितियों को देखते हुए उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर 16 के रामनारायण बंटी सोनी, वार्ड नंबर 17 के मुरली राठौर एवं वार्ड नंबर 8 के राधेश्याम राठौर के नाम पर पार्टी द्वारा गंभीरता से विचार किया जा रहा है। बंटी सोनी एवं मुरली राठौर पार्टी के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता है। वही राधेश्याम राठौर ने भी भाजपा युवा मोर्चा के माध्यम से अपनी अच्छी छवि बनाई है। इसलिए इन तीनों पार्षदों में से किसकी किस्मत में उपाध्यक्ष पद का दायित्व आएगा यह तो समय ही बताएगा।

बंटी सोनी प्रदेश शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निकट जाने जाते है। वही मुरली राठौर को भी भाजपा के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता का वरद हस्त प्राप्त है। राधेश्याम राठौर ने भी अपने प्रथम पार्षद कार्यकाल के दौरान अपनी सक्रियता के कारण पार्टीजनों का ध्यान खींचा है। जहां तक पार्षदों की पसंद नापसंद का सवाल है बहुमत पार्षद बंटी सोनी के पक्ष में नजर आते है। ऐसी स्थिति में सारा दारोमदार नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल गर्ग पर आ जाता है कि ये पांच साल तक किस सक्रिय, मेहनती, लोकप्रिय एवं जुझारू व्यक्तित्व को अपने साथ लेकर नगर विकास का नया इतिहास रचेंगे। क्योंकि पांच साल तक नगरपालिका कमल गर्ग को चलानी है इसलिए इनकी पसंद ना पसंद को ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं भाजपा पर्यवेक्षक संयोगिता सिंह जूदेव द्वारा प्राथमिकता दी जावेगी।

### पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर को बलौदाजार पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी



**महासमुंद, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छग के समस्त जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा नगर निगमों, नगर पालिकाओं में सभापति व नेता प्रतिपक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पीसीसी ने पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए बलौदाबाजार का पर्यवेक्षक बनाया है। श्री चंद्राकर यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों से सामंजस्य बनाकर नेता प्रतिपक्ष, सभापति का चयन करेंगे।

### जिला स्तरीय कार्यशाला में सहकारी समितियों में संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी



**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नोडल कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या रायपुर शाखा बलौदाबाजार में किया गया। कार्यशाला में सहकारी समितियों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जिसमें पैक्स कम्प्यूटरीकरण से संबंधित जानकारी एवं एन.सी.डी सी. के पदाधिकारी के द्वारा सहकारी समितियो को एनसीडीसी के माध्यम से फंडिंग पेर्टन की जानकारी एफपीओ का गठन सहकारी समितियों के उन्नयन हेतु दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही एआईएफ एएमआई, आरजीएम पीएमएफएचई, नेशनल लाइव स्टाक नेशन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा किया। जिसमें पैक्स में सामान्य सेवा केन्द्र की भूमिका एवं विकास पर प्रभाव डाला गया। ग्रामीण स्तर पर आनलाईन सेवायें नागरिको को अधिकाधिक प्रदाय करने हेतु समिति प्रबंधको को जानकारी दी गई। कार्यशाला में समिति में नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोगिता एवं महत्व को बताया तथा नैनो टेक्नालाजी के उपयोग कृषको को करने हेतु प्रेरित करने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया गया साथ ही जिले में संचालित 5 विकासखंड के पैक्स समिति लाहोद, ओडान, हथबंद, बया, गोढी टी में ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया नैनो डीएपी एवं दवाई छिडकाव का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता ने कार्यशाला में नवीन समिति के पंजीयन व पैक्स कम्प्यूटराईजेशन एव सहकारिता के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता एस.के.पाण्डे, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक जी.एन. साहू, नोडल अधिकारी एवं वरिष्ट सहकारी निरीक्षक डी.के.नेताम, एन.सी.डी.सी. अधिकारी शुभम साहू, सीएससी जिला प्रबंधक रविंद्र वर्मा, इफको देवी यादव सहित जिले के समस्त समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

# कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त जिले के पहले जज बने ऋषभ सिंह चौहान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**खरसिया, 3 मार्च।** कराते इंडियन ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के द्वारा जज रेफरी एवं कोच सेमिनार का आयोजन दुर्ग में हुआ, जिसमें एग्जामिनर के रूप में सेंसई शाहीन अख्तर एशियाई कराटे फेडरेशन के टेक्निकल कमिशन मेंबर एवं वर्ल्ड कराटे फेडरेशन ,एशियाई कराटे फेडरेशन रेफरी ने सभी प्रतिभागियों का परीक्षण किया एवं सेंसाई अमल तालुकदार एशियाई कराटे फेडरेशन जज एवं छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन सचिव ने सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मान्यता प्राप्त पहले जज एवं रेफरी बने ।जिसका सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। उनकी उपलब्धि पर जिला कराते संघ संरक्षक शिवरतन शर्मा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संयोजक अरुण छाबड़ा, उपाध्यक्ष नंदू साहू, कोषाध्यक्ष सुनील यदु, सहसचिव संकेत शुक्ला, कसडोल विकासखंड प्रभारी संजीव ध्रुव ,साथी में चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जिला बलौदा बाजार भाटापारा के संरक्षक कोमल शर्मा, लड्डू सोनी,प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान ,सचिन नेमीचंद साहू ,कोषाध्यक्ष योगेश कौर, सह सचिव महेश राजपूत ,हर्ष देवांगन, धनंजय पांडे, सदस्य गढ़ गौरव साहू, विपिन साहू, प्रतीक द्विवेदी, यशवंत साहू, मनीष दास महंत ,पंकज चंदेल ,शिवम तिवारी ,लखेश्वर बघेल, दिनेश साहू सहित सभी कराटे संस्था एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी।

### बिजली उत्पादक राज्य होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के किसानों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली : चंद्राकर

**महासमुंद, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि बिजली उत्पादक राज्य होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। प्रदेश सहित महासमुंद जिले के अनेक ब्लॉकों में लो वोल्टेज व लगातार पावर कट की समस्या बनी हुई है। अनेक ब्लॉकों में किसान लगातार धरना, आंदोलन कर लो वोल्टेज की समस्या व लगातार बिजली कटौती के विरोध में चेतावनी देकर ज्ञापन सौंप रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में किसान रबी धान की फसल को लेकर चिंतित हैं। राज्य के किसान धान फसल पर निर्भर हैं। अधिकतर किसान रबी में धान फसल लेकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। महासमुंद जिले के किसान भी रबी सीजन में धान फसल ले रहे हैं। असिंचित क्षेत्र के किसान बोरवेल पर निर्भर हैं। ऐसे में लगातार लो वोल्टेज की समस्या तथा अनियमित बिजली कटौती से वे परेशान हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 23 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 23 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 1 साल मेंही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

### समन्वित कार्य योजना बनाएं प्रदूषण की रोकथाम के लिए

**कोरबा, 2 मार्च।** कोरबा जिले के कोयलांचल कुसमुंडा व दीपका मैं काफी समय से बनी हुई वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। इसके कारण जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती उत्पन्न हो रही है। इस मामले में दावे और वादे से अलग हटकर संबंधित कार्य योजना बनाने की जरूरत है। भाजपा नेता विकेश झा ने राज्य सरकार व पर्यावरण संरक्षण मंडल से मांग की है कि इस दिशा में ठोस प्रयत्न किए जाएं ताकि जनता को राहत मिले। मंडल से लेकर प्रदेश कार्य समिति में प्रतिनिधित्व कर चुके विकेश ने कोरबा जिले के मामले में वायु प्रदूषण की समस्या पर चिंता जताई है और कहा है कि मैन्युअल तरीके से रोकथाम के लिए जो कुछ जतन किए जा रहे हैं वह अपने आप मैं अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। टैंकर के जरिए पानी का छिडकाव करने और कोयला के साथ-साथ फ्लाई ऐश का ट्रांसपोर्ट करने वाले वाहनों को कवर्ड करने की व्यवस्था भी बहुत ज्यादा कारगर साबित नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में हर तरफ मेकैनिज्म पर काम हो रहा है और इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं इसलिए खास तौर पर कोरबा औद्योगिक जिले के मामले में कुछ इसी प्रकार की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि नए पैटर्न को फॉलो करने से स्थितियों को बदला जा सकता है और वायु प्रदूषण से संबंधित समस्या और चुनौती पर कुछ सीमा तक विजय प्राप्त की जा सकती हैं। सरकार और प्रदूषण नियंत्रण मंडल को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वर्षा काल में व्यापक पैमाने पर किए गए पौधारोपण के नतीजे आने में कई वर्ष लग सकते हैं इसलिए इससे पहले जमीनी स्तर पर दूसरे प्रयास भी करने होंगे।

### महासमुंद जिला आगामी आदेश तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

# नलकूप खनन के लिए प्राधिकृत अधिकारी करेंगे अनुमति प्रदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 3 मार्च।** महासमुन्द जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत जिले को आगामी आदेश तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत महासमुन्द जिले में आगामी आदेश तक सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल व्यवस्था, पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय/अर्द्धशासकीय / नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकारी सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। परन्तु निर्धारित नियमों का पालन वे सुनिश्चित करेगें।



जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/नगरीय निकाय/तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेगें। जिसमें महासमुंद शहर (नगर पालिका क्षेत्र) के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, महासमुंद, अनुविभाग महासमुंद के लिए (महासमुंद शहर को छोड़कर) अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) महासमुंद प्राधिकृत अधिकारी होंगे। इसी तरह अनुविभाग बागबाहरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) बागबाहरा, अनुविभाग पिथौरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) पिथौरा, अनुविभाग बसना के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) बसना एवं अनुविभाग सरायपाली के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) सरायपाली को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त प्राधिकृत अधिकारी, अपने-अपने क्षेत्र के छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों का उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन की आवश्यकता होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेगें। बोरवेल खनन अथवा बोर वेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# सेवा, समर्पण, अनुशासन सिखाती है स्काउटिंग : केआर सिन्हा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 मार्च।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पर राम जानकी मानस मंदिर में पूर्णाहूति के साथ कथा विश्राम हुआ। यज्ञ, हवन उपरांत मां शीतला मंदिर प्रांगण पर भंडारा का आयोजन किया गया था। भंडारा में प्रसादी ग्रहण करने के लिए देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के स्काउट्स द्वारा सेवा कार्य किया गया। सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग सेवा, समर्पण और अनुशासन सिखाता है। स्काउटिंग में प्रवेश लेने के बाद विभिन्न भलाई के कार्य, सेवा कार्य करते हुए स्काउट-गाइड दक्षता पदक प्राप्त करता है जिसके माध्यम से प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान की परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य पुरस्कार के लिए पात्र होता है। प्रधानपाठक एन.आर. ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक एम.आर. देवांगन के मार्गदर्शन एवं स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में स्काउट लूसेन कुर्रे, मोहन ध्रुव, सोनसाय ओटी, हिमांशु, देवेन्द्र द्वारा स्वस्फूर्त सहयोग प्रदान किया गया। स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग की बुनियाद निःस्वार्थ भाव से सेवा करना है। स्काउटिंग अभाव में जीवन जीने की कला सिखाता है। हर परिस्थिति में सेवा के लिए तत्पर रहता है।

समुदायिक सहभागिता से ज़िम्मेदार नागरिक बनाना, नेतृत्व क्षमता का विकास करना स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य है। प्राचार्य एन.सी. साहू, के.के. साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा, सी.आर. सिन्हा, बी.एल. तारक, एस.आर. निषाद, अध्यक्ष संतराम साहू, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, तरुण कुमार साहू, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा सेवा में लगे सभी स्काउट को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## समाचार संक्षेप

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**छुरा, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम खैरझिटी में फाइन स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रथम वर्ष टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का जोरदार शुभारंभ शनिवार को किया गया इस मौके पर नव निर्वाचित सरपंच डेमेश्वर दीवान ने पूजा अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बाबुलाल ध्रुव, भगवान सिंग ध्रुव, बृजलाल यदु, हरीश पटेल, पुनितराम ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता, उमाशंकर यादव मंचसीन थे।पहली बार क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के खिलाड़ियों और युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है प्रतियोगिता के शुभारंभ कर सभी अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र की युवाओं खिलाड़ियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है निश्चित रूप से इस क्रिकेट प्रतियोगिता से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे उन्होंने कहा खिलाड़ी खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें।इस मौके पर प्रमुख रूप से हरीश, नंदकिशोर, परमेश्वर, रामरतन, मनोज, ठगेश, महेंद्र, लोमस, खुबलाल, दूजराम, कामता, खमेश एंव समस्त खिलाडी सहित बड़ी संख्या में आयोजक समिति के सदस्य एवं आसपास के क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे।

### 592 विद्यार्थियों ने दी 12वीं की परीक्षा



**तिल्दा-नेवरा, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 1 मार्च को तिल्दा अंतर्गत 17 सेंटरों में कूल 2073 स्टूडेंट ने 12 वी की परिक्षा दी वही तिल्दा के 3 सेंटरो में 592 विद्यार्थियों ने परिक्षा में भाग लिया परिक्षा के पहले रानी सौरभ जैन द्वारा पेन वितरण कर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### होटल, ढाबा, ठेला अवैध चखना सेंटरों में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई



**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 1 मार्च को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 23 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 23 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली द्वारा 10, थाना लवन द्वारा 04, थाना कसडोल द्वारा 07 एवं थाना पलारी, भाटापारा शहर द्वारा 01-01 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। आरोपियों के नाम लेखराम साहू उम्र 49 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, राकेश टंडन उम्र 24 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, भूषण केंवट उम्र 21 साल निवासी ग्राम खैरघटा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, सहेत्तर पैकरा उम्र 32 साल निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, अब्दुल रहमान उम्र 29 साल निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, प्रकाश पाटले निवासी केसरवानी भवन के पीछे बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, संतोष गोयल निवासी केसरवानी भवन के पीछे बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, मोहित भारद्वाज निवासी ग्राम दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, थानेश्वर चौबे निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी, रामजी रेकर उम्र 19 साल 89 लोहिया नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, अजय यादव निवासी वार्ड नंबर 05 पथरिया जिला मुंगेली, संजय पैकरा उम्र 30 साल निवासी ग्राम कुर्राहा थाना कसडोल, सचिन चेलक निवासी ग्राम चकरवाय थाना कसडोल, दिलहरण साहू उम्र 58 साल निवासी कसडोल थाना कसडोल, मनीष चौहान 19 साल निवासी ग्राम बगार थाना कसडोल, चुन्नी साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, आशु गुप्ता उम्र 25 साल निवासी सेक्टर 01 कसडोल थाना कसडोल, प्रकाश विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष साकिन पारस नगर सेक्टर 2 कसडोल थाना कसडोल, रामप्रकाश राजपूत उम्र 32 साल निवासी ग्राम बिदबिदा जिला मुंगेली, नरेंद्र बंजारे उम्र 20 साल निवासी ग्राम धाराशिव थाना लवन, विजय सायतोड़े उम्र 50 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन, संदीप केवट उम्र 23 साल निवासी लवन थाना लवन धनेश्वरी केवट उम्र 35 साल निवासी लवन थाना लवन है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई चालानी कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 13 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 13 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 06, यातायात भाटापारा 02, यातायात सिमगा 02 एवं यातायात कसडोल द्वारा 03 चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

## एक नजर

### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 489 छात्र हुए शामिल, 101 छात्र अनुपस्थित

**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान विकासखंड कसडोल में शिक्षा सत्र 2025 - 26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 2 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 तक परीक्षा केंद्र शाश्वत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में परीक्षा आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा के लिये कुल 590 छात्रों नें पंजीयन कराया था जिसमें से 489 उपस्थित एवं 101छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में प्रकाश, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त पाया गया। किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया एवं परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय कुर्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक सिदार को दी गई विदाई



**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक कन्हैया लाल सिदार का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्हैया लाल सिदार पुलिस विभाग मे दिनांक 2 अगस्त 1982 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात दिनांक 4 जनवरी 2018 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। कन्हैया लाल सिदार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सिटी कोतवाली, थाना सिमगा, भाटापारा शहर, गिधौरी, गिधपुरी आदि थानों में पदस्थ होकर कार्य किए हैं। अभी वर्तमान में यातायात शाखा बलौदाबाजार में पदस्थ होकर कार्यरत थे। कन्हैया लाल सिदार पुलिस विभाग में लगभग 42 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर आज दिनांक 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कन्हैया लाल सिदार के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया।

# धर्मगुरु बालदास साहेब सहित कलेक्टर-एसपी ने गिरौदपुरी मेले की तैयारी का लिया जायजा

## सुरक्षा सहित सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** बाबा गुरू घासीदास की जन्मस्थली व तपोभूमि गिरौदपुरी में 4 से 6 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला समिति अध्यक्ष एवं धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब, कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शनिवार को गिरौदपुरी पहुंच कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। अब तक की तैयारी में छोटे- छोटे कमियों को जल्द दूर करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर राजमाता गुरु प्रवीण माता, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित मेला समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

मन्नत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक छायादार शेड लगाने, पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग- अलग बैरिकेटिंग करने एवं जमीन पर मैट बिछाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा सहित तमाम इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में गिरौदपुरी मेले की तैयारी में जिला प्रशासन की टीम मुस्तैद है। बेहतर व्यवस्थाएं एवं सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि शंतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मेला का आयोजन हो। जिला प्रशासन का प्रयास है कि मेला आने वाले श्रद्धालु विगत वर्षो से बेहतर अनुभव साथ लेकर जाएं।

गुरु गद्दी का दर्शन कर लिये आशीर्वाद - धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब, राजमाता गुरु प्रवीण माता एवं गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्य मंदिर में गुरु गद्दी का दर्शन किया और पूजा अर्चना कर पूज्य बाबा गुरु घासीदास का आशीर्वाद लिये।

इस अवसर पर मेला समिति से जुड़े सदस्य, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, गिरौदपुरी एसडीएम आर. आर. दुबे, सहित मेला तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पशु क्रूरता के खिलाफ की जा रही प्रभावी कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विशेष रूप से ग्राम गणेशपुर विश्रामपुर झनकपुर (ग्राम विश्रामपुर का एक मोहल्ला) एवं किरवई क्षेत्र में जहां पशु क्रूरता की शिकायतें ज्यादा है, लगातार कार्रवाई की जा रही है। पशु क्रूरता एवं पशु तस्करी की शिकायतें पर पिछले 05 वर्षों में कुल 19 मामले दर्ज किए गए हैं। ग्राम बिश्रामपुर, गणेशपुर में स्थापित 04 हड्डी गोदाम को थाना प्रभारी सिमगा के प्रतिवेदन के आधार पर दिनांक 20.01.2025 को एसडीएम सिमगा द्वारा लोक न्यूसेंस के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया है। ग्राम गणेशपुर एवं विश्रामपुर में संचालित चारों हड्डी गोदामों का कारोबार पूरी तरीके से रोक दिया गया है। ग्राम किरवई में विगत 50 वर्षों से लगने वाले पशु मेले को सरपंच के प्रतिवेदन के आधार पर जनपद सीईओ सिमगा द्वारा मवेशी बाजार का ठेका निरस्त कर दिया गया है। पशु क्रूरता पर प्रभावी कार्रवाई तथा सुरक्षा बढ़ाने हेतू ग्राम गणेशपुर में पुलिस सहायता केंद्र दिनांक 26 फरवरी को स्थापित किया गया है, ताकि क्षेत्र में पशु क्रूरता के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो सके।

# तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत में पहली बार बनेगा भाजपा का अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 3 मार्च।** तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत में इस बार बीजेपी का जनपद अध्यक्ष बनेगा और इस के चलते जनपद पंचायत सदस्य भूमि गत हो गए है चार मार्च को जनपद का चुनाव होना है कुल 25सदस्य जनपद क्षेत्र से चुन के आए है लेकिन जनपद के इतिहास में। पहली बार बीजेपी समर्थक जनपद अध्यक्ष ओर उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

तिल्दा जनपद पंचायत के बनने के बाद कांग्रेस का कब्जा रहा है खरोरा भाटिया परिवार और वेद राम के अलावा देव वर्त नायक खुद ओर उनकी पत्नी भी जनपद अध्यक्ष रह चुके है। इस बार देखा जाए तो बीजेपी के ही दो लोगों में मुकाबला होना है इसमें मंत्री समर्थक बीजेपी नेता शिव शंकर वर्मा और वेद राम मनहरे के बीच घमासान होना है।

### अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 को

जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के लिए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन दिनांक 4 मार्च 2025 को कार्यालय जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में किया जाना प्रस्तावित है। अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रातः 11:00 से लिया जाएगा एवं उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। निर्वाचन के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय में केवल नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों को ही प्रवेश दिया जाएगा। सभी नवनिर्वाचित जनपद सदस्य गोपनीय रूप से मतदान करेंगे। इस कार्य को संपन्न करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संपूर्ण तैयारी कर ली गई है एवं सुरक्षा की भी व्यापक व्यवस्था की गई है।

# मंडल भाजपा ने कई स्कूलों का निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 3 मार्च।** नगर पालिका अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डो के स्कूलों में निरीक्षण किया गया साथ में जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद रानी सौरभ जैन वार्ड नंबर 1 के पार्षद ईश्वर यदु, भाजपा मंडल शहर के अध्यक्ष मनोज निषाद सहित मंडल के पदाधिकारी के नेतृत्व में हुए अनेको कार्यक्रम साथ स्कूली छात्र-छात्राओं का परीक्षा और स्कूलों की स्थितियो का निरीक्षण करने पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा जिसमें बच्चों के साथ परीक्षा पर चर्चा किया गया और स्कूलों में चला रहे मध्यान भोजन समूह के कार्यकर्ताओं से भी किया आग्रह की स्कूली छात्र-छात्राओं को साफ स्वच्छ स्वादिष्ट और पौष्टिकता के भी रखे ख्याल बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर स्वास्थ्य देना भी हमारी जिम्मेदारी, साथ ही नगर पालिका तिल्दा नेवरा में भाजपा की अध्यक्ष व ज्यादा संख्या में भाजपा पार्षदों की चुनाव जीतने के खुशी बच्चों के बीच मनाया गया जिसमें बच्चों को नेवता भोज दिया गया साथ ही पढ़ाई के सामग्री भी वितरण किया गया और स्कूल की दशा पर वरिष्ठ



अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्कूल के आसपास का वातावरण अच्छा हो साफ सफाई बेहतर हो बच्चों को परीक्षा में किसी भी प्रकार के कोई दिक्कत ना हो जिसका ख्याल रखा जाए साथ ही बोर्ड का परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्राओं के साथ वर्मा ने उनका हौसला बढ़ाने के लिए मोटिवेशनल बातें कहीं और शुभकामनाएं प्रेषित किया वही वार्ड क्रमांक 8, वार्ड क्रमांक 7, वार्ड क्रमांक 9, वार्ड क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 14, के विभिन्न स्कूल में निरीक्षण करने पहुंचे वर्मा ने कहा कि नगर की हर समाज की हर वर्ग की चाहे वह बच्चे हो युवा हो महिलाएं हो बुजुर्ग हो सबकी मूलभूत सुविधाओं के लिए सदैव सजग रहेगी।

उक्त कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद विद्यालय की प्रिंसिपल दुष्यंत सोनी बद्रीनारायण बगड़िया माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश चंदानी, नरेंद्र शर्मा, सौरभ जैन, डॉ खुमान वर्मा, अरविंद वर्मा, अमरजीत पासवान, आशीष शर्मा, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# पार्षद ने खुद दवा खाकर सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**छुरा, 3 मार्च।** विकास खंड छुरा में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा एवं माननीय गरिमा ध्रुव पार्षद वार्ड नंबर 14 नगर पंचायत छुरा के द्वारा स्वयं दवा खाकर सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम दिनांक 27 फरवरी से 13 मार्च तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गरियाबंद अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के निर्देशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड छुरा डॉक्टर डी एस निषाद के मार्गदर्शन में होगा।दवा सेवन कार्यक्रम में 27 फरवरी से 2 मार्च तक स्कूल आंगनबाड़ी कॉलेज एवं स्वास्थ्य संस्था में बूथ लगाकर एवं 3 से 10 मार्च तक घरङ्घर भ्रमण कर दवा प्रशासक (मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) के समक्ष दवा सेवन कराया जाएगा। 11 से 13 मार्च तक माप अप राउंड चलाया जाएगा जिसमें पूर्व में दवा खाने से छूटे हुए व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को छोड़कर के सभी को दवा खिलाया जाएगा।

फाइलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से होता है एक बार इसके परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में चला जाए तो उनको लक्षण दिखने में 5 से 15 वर्ष लग जाता है। एक बार फाइलेरिया के होने के पश्चात उसका कोई इलाज नहीं है। इसका केवल एक ही इलाज है एक साथ एमडीए का दवा सेवन करना। विकासखंड छुरा के समस्त व्यक्तियों से अपील है की दवा सेवन कर विकासखंड को फाइलेरिया मुक्त करने में अपनी सहभागिता जरूर देवे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण बीपीएम इंद्र कुमार चंद्राकर, गौरव यादव, जानकी ध्रुव, चपेश्वरी, रीता अमलंकर, पुष्प ध्वज सिंहा आदि उपस्थिति रही।

# हाउसिंग बोर्ड के मकानों को फ्री होल्ड करने का मामला सदन में गूंजा

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 03 मार्च।** विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के मकानों को फ्री होल्ड करने का मामला गूंजा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के मकानों के फ्री होल्ड के हजारों मामले सामने आए थे, लेकिन फ्री होल्ड नहीं हो पाया. मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक लाया जाएगा. फ्री होल्ड का विषय उस संशोधन में रखा गया है.

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर, भिलाई, दुर्ग की कई कॉलोनियों में लोग फ्री होल्ड के लिए भटक रहे हैं, लेकिन कृषि भूमि को आवासीय नहीं किए जाने की वजह से अब तक नहीं किया जा सका. सदन में लोक हित से जुड़े फैसले पर यदि कोई निर्णय लिया जाता है और फिर तीन महीने बाद भी स्थिति वैसी रहे, अफसर वही जवाब दे तो इस व्यवस्था पर निर्णय दिया जाना चाहिए. इस पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सदस्य की चिंता से सरकार सजग है. इस मामले में राजस्व विभाग को भेजा गया है. आने वाले दिनों में भू राजस्व संहिता संशोधन विधेयक लाया जाएगा. फ्रीड होल्ड का विषय उस संशोधन में रखा गया है. राजेश मूणत ने कहा कि 4 दिसंबर 2024 को कैबिनेट में यह फ़ैसला कर फ्री होल्ड का प्रकरण राजस्व विभाग को भेजा गया था, लेकिन तीन महीने बाद भी इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया. कैबिनेट के विषय पर भी यदि अधिकारी इस तरह से रवैया दिखाए तो क्या उन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किया जाएगा. मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जल्द ही दोनों विभाग के सचिव इस पर बैठकर प्रक्रिया तेज कर देंगे. भू-राजस्व संहिता में संशोधन कर जल्द ही फ्रीड होल्ड का प्रकरण खत्म कर लिया जाएगा. सदन के अगले सत्र के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा.

## वित्त मंत्री चौधरी पहुंचे श्रीराम मंदिर

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट पेश करने से पहले प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी आज वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने श्री राम मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।



# रायपुर में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

■ ईडी दफ्तर घेराव से पहले राजीव गांधी चौक पर जुटे हजारों कार्यकर्ता

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 03 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के खिलाफ छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आज राजधानी रायपुर में बड़ा विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को राजनीतिक दुर्भावना से निशाना बना रही है। इसी के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर स्थित ईडी दफ्तर के घेराव का ऐलान किया है।

दरअसल, ईडी ने कांग्रेस के सुकमा जिला कार्यालय के निर्माण से जुड़ी जानकारी मांगी थी। इस संबंध में कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जहां उनसे लगभग 9 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कांग्रेस का कहना है कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है।

ईडी दफ्तर घेरने से पहले कांग्रेस ने राजीव गांधी चौक पर एक विशाल सभा आयोजित की, जिसमें हजारों कार्यकर्ता जुटे। सभा में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अलावा महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है, और उन्होंने केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जानकारी के मुताबिक, इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगीड़, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी शामिल होंगे। कांग्रेस के इस बड़े प्रदर्शन को देखते हुए रायपुर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। ईडी दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज करेगा निशुल्क सामाजिक सामूहिक विवाह

**रायपुर, 03 मार्च।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की कार्यकारणी की बैठक आज अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें निःशुल्क व्रतबंध कार्यक्रम की समीक्षा की गई। शीघ्र ही ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया गया। समाज के प्रवक्त संजय तिवारी ने बताया कि कार्यकारिणी ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया है कि समाजिक सामूहिक निःशुल्क विवाह में द्वारचार से ले कर लड़की की विदाई तक का सभी प्रकार का खर्च समाज द्वारा वहन होगा। डॉ शुक्ला ने बैठक में निःशुल्क विवाह कार्यक्रम का उद्देश्य फिजूल खर्च पर रोक तथा परिजनों के विवाह पर खर्च की राशि विवाह पश्चात नव दंपत्तियों को देने की अपील की जिससे वे विवाह पश्चात सुचारू जीवन यापन कर सके तथा सनातन धर्म संस्कृति एवं परंपरा का विद्वान आचार्यों की निगरानी में किया जाएगा।

# विधानसभा में उठा अमानक बीज का मामला

■ सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने कृषि मंत्री नेताम को घेरा

**रायपुर, 02 मार्च।** विधानसभा में आज किसानों को सहकारी समिति से बांटे जाने वाले खाद, बीज का मामला गूंजा। सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को घेरते हुए आरोप लगाया कि निजी कंपनियों को अधिक खाद आबंटन किया जा रहा है, वहीं अमानक बीज वितरण किया गया है जिससे किसानों को अच्छी फसल नहीं मिली है। मंत्री ने ऐसे किसानों को नया बीज देने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की घोषणा सदन में की। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपने मुंगेली जिले में अमानक बीज वितरण की जानकारी देते हुए बताया कि सहकारी समितियों को यूरिया, डीएपी खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं की जा रही है, निजी क्षेत्र की कंपनियों को अधिक आबंटन किया जा रहा है जिससे किसानों को महंगे दर पर खाद खरीदना पड़ रहा है।

## कृष्णा पब्लिक स्कूल की बस पलटी

**रायपुर, 03 मार्च।** राजधानी में आज स्कूली बच्चों के साथ बड़ा हादसा होते होते टला. कृष्णा पब्लिक स्कूल की बस विधानसभा रोड पर पलट गई. बस तेज रफ्तार में थी और स्कूली बच्चों को पिक (लेने) करने जा रही थी, इसी दौरान ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बस अनियंत्रित होगई और पेड़ से टकराकर वहीं पलट गई. राहत की बात यह रही कि स्कूल बस में कोई बच्चे सवार नहीं थे, केवल ड्राइवर और कंडक्टर ही सवार थे. वरना कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी. वहीं इस दुर्घटना ने स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# स्पीकर रमन सिंह ने अजय चंद्राकर को टोका कहा- हाईजैक नहीं करना है किसी का प्रश्न



**रायपुर, 02 मार्च।** विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान अजीब सी स्थिति बन गई, जब भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले प्रश्न करते हुए बैठ गए, क्योंकि भाजपा विधायक अजय चंद्राकर प्रश्न पूछने लग गए थे. इस पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भाजपा विधायक अजय चंद्राकर को टोकते हुए कहा कि किसी का प्रश्न हाईजैक नहीं करना है. यह भी पढ़ें ⁻ हाउसिंग बोर्ड के मकानों को फ्री होल्ड करने का मामला सदन में गूंजा, विधायक मूणत के सवाल पर मंत्री जायसवाल ने बताया - लाया जाएगा भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान पूर्व खाद्य मंत्री और भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने रसायनिक खाद और बीज के आवंटन का मुद्दा उठाया. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि आवंटन पहले निजी क्षेत्र को हो जाता है फिर किसानों को होता है. इसके लिए नीति बनायी जाएगी क्या? मेरे पास आंकड़ा है कि किसानों से ज़्यादा निजी क्षेत्र को आवंटन दिया गया है. इस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि 60 फीसदी अपने सोसाइटी के ज़रिए किसानों को देते हैं और 40 फ़ीसदी निजी क्षेत्र को देते हैं. सभी विद्वानों से बात कर इस मामले में जो बेहतर हो सकेगा उसके लिए आगे कार्रवाई करेंगे.

कार्यभार ग्रहण...




रायपुर। नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने आज नगर निगम कार्यालय में अपना कार्यभार सम्हाल लिया। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा के कई नेता व पार्षदगण मौजूद थे. उन्होंने महापौर का स्वागत किया।

## कोयला घोटालाः रानू, सौम्या और सूर्यकांत को जमानत



**रायपुर, 03 मार्च।** छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में पूर्व आईएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी को बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने इन तीनों आरोपियों को अंतरिम जमानत दे दी है. वहीं बाकी आरोपी अब भी जेल में बंद हैं. बता दें, ईडी की जांच रिपोर्ट और आरोपों के आधार पर एसीबी ने कोयला घोटाला मामले की जांच कार्रवाई में इन्हें गिरफ्तार किया था. एसीबी ने कोल घोटाला मामले में तीनों के अलावा दीपेश टॉक, राहुल कुमार सिंह,शिव शंकर नाग, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, संदीप कुमार नायक, रोशन कुमार सिंह, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी को भी गिरफ्तार किया था।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26